डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमा:-विजय देवरकोंडा हुए ईडी के सामने पेश

वर्ष -08 अंक -231 | प्रयागराज, शुक्रवार , 02 दिसंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### शर्मिला रेड्डी की गिरफ्तारी पर तेलंगाना की राज्यपाल ने जताई चिंता

(आधुनिक समाचार सेवा)

**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस द्वारा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी की बहन शर्मिला रेड्डी की गिरफ्तारी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शर्मिला रेड्डी की गिरफ्तारी को लेकर तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सौंदरराजन ने प्रतिक्रिया दी है। राज्यपाल ने वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की अध्यक्ष शर्मिला रेड्डी की गिरफ्तारी पर दुख व्यक्त किया। राज्यपाल तमिलसाई सौंदरराजन ने कहा कि महिला नेता और महिला कार्यकर्ताओं के साथ सम्मानजनक तरीके से व्यवहार करने की जरूरत है। चाहे वह किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि या विचारधारा से क्यों न जुड़ी हो।



राजभवन ने एक बयान में कहा राज्यपाल तमिलसाई सौंदरराजन ने शर्मिला रेड्डी की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त की है। राज्यपाल ने अपने बयान में कहा कि जब शर्मिला रेड्डी कार के अंदर थीं, तब उनकी कार को खींच कर ले जाने के दृश्य परेशान करने वाले थे। बयान के अनुसार, गवर्नर ने शर्मिला की गिरफ्तारी पर दुख व्यक्त किया और उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में भी चिंता जताई। बयान के मुताबिक, राज्यपाल तमिलसाई सौंदरराजन ने कहा राजनीतिक पृष्ठभूमि या विचारधारा जो भी हो, लेकिन महिला नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ सम्मानजनक तरीके से व्यवहार करने की आवश्यकता है।

## जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा भारत, सालभर में 55 स्थानों पर 200 बैठकों का होगा आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** भारत गुरुवार से औपचारिक रूप से एक वर्ष के लिए दुनिया के आर्थिक रूप से संपन्न देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत देश के 55 स्थानों पर 32 विभिन्न सेक्टरों में लगभग 200 बैठकों का आयोजन करेगा। जी-20 की शिखर बैठक का आयोजन अगले साल होगा जो



संभाल लेगा। इस दौरान भारत के पास अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर वैश्विक एजेंडे में योगदान करने का अनूठा अवसर होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए जी-20 एक प्रमुख मंच है जो वैश्विक उ3झ् का 85 प्रतिशत, दुनियाभर के कारोबार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 की अध्यक्षता भारत की मेजबानी में सर्वोच्च स्तर की बैठकों में से एक होगी। जी-20 की पहली बैठक दिसंबर के पहले हफ्ते में उदयपुर में होगी। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर माह की शुरुआत में भारत की अध्यक्षता में जी-20 का लोगो, थीम और वेबसाइट लांच की थी। इसके लोगो में कमल का फूल भारत की प्राचीन विरासत, आस्था और विचारधारा का प्रतीक है। भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने के साथ ही एक हफ्ते के लिए यूनेस्को व?र्ल्ड हेरिटेज साइटों समेत केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित सौ स्मारकों को रोशन किया जाएगा। इन स्मारकों में दिल्ली में हुंमायू का मकबरा व पुराना किला, गुजरात में मोढेरा सूर्य मंदिर, ओडिशा का सूर्य मंदिर, बिहार में शेरशाह का मकबरा व राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर व प्राचीन संरचनाएं एवं अन्य स्मारक, बंगाल की राजधानी कोलकाता में मेटकाफ हाल व मुद्रा भवन, गोवा में बेसिलिका आफ बाम जीसस व चर्च आफ लेडी आफ रोजरी, कर्नाटक में टीपू सुल्तान का महल व गोल गुंबज और मध्य प्रदेश में सांची बौद्ध स्मारक व ग्वालियर का किला शामिल हैं। इस दौरान इन स्मारकों पर जी-20 का लोगो भी हाईलाइट किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि स्मारक पर प्रोजेक्ट किए जाने वाले लोगो का आकार उस स्थल की प्रकृति और डिजाइन पर निर्भर होगा। भारत में 40 यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइटें हैं और अधिकतर सांस्कृतिक साइटें आर्कियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया (एएसआइ) के तहत आती हैं। भारत गुरुवार से एक महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता भी संभाल रहा है।

## केरल कैबिनेट का फैसला, राज्यपाल को चांसलर के पद से हटाने के लिए विधानसभा में पेश करेगी विधेयक

(आधुनिक समाचार सेवा)

**तिरुवनंतपुरम।** केरल कैबिनेट ने विधानसभा सत्र में एक विधेयक पेश करने का फैसला किया है। इस विधेयक के तहत राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति शिक्षा के क्षेत्र के विशेषज्ञ होंगे। इस चांसलर की जगह किसी विशेषज्ञ को लाया जाएगा। हालांकि, अब केरल सरकार ने विधानसभा सत्र में एक विधेयक पेश करने का फैसला किया है। जिसके बाद राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति शिक्षा के क्षेत्र के विशेषज्ञ होंगे। केरल में



विधेयक के पारित होने के साथ ही राज्यपाल को चांसलर पद से हटा दिया जाएगा। बता दें कि केरल विधानसभा का सत्र 5 दिसंबर से शुरू होगा। इससे पहले ये खबर सामने आई थी कि केरल कैबिनेट आरिफ मोहम्मद खान को चांसलर के पद से हटाने के लिए विधेयक लाने जा रही है। पता चला था कि इस विधेयक के लाने के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और राज्य सरकार के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा है। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल और सरकार के बीच विवाद चल रहा है। केरल सरकार राज्य के राज्यपाल पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एजेंडे को लागू करने का आरोप लगा रही है।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर लगेंगे साढ़े पांच हजार सीसीटीवी कैमरे

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** सरकार ने पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर भारतीय मोर्चों की रक्षा के लिए तैनात बीएसएफ के लिए निगरानी कैमरे, ड्रोन और अन्य निगरानी उपकरणों




की खरीद के लिए 30 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी है। अगले साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में बीएसएफ की पहली महिला टुकड़ी अपने पुरुष समकक्षों के साथ ऊंटों की सवारी करती भी दिखेगी। बीएसएफ के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह ने बल के 58वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा कि हम पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा के अग्रिम मोर्चों पर साढ़े पांच हजार कैमरे लगाने जा रहे है। उन्होंने दोहराया कि पश्चिमी मोर्चे यानी पाकिस्तान सीमा पर वर्तमान में बल के पास ड्रोन यानी मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) द्वारा उत्पन्न खतरे का मुकाबला करने के लिए एक फुल प्रूफ प्रणाली नहीं है।

## मिथिला, गोंदिया, कमला गंगा समेत 36 ट्रेनों को लेकर बड़ी खबर, अनदेखा करने पर बढ़ सकती परेशानी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**समस्तीपुर।** सोनपुर मंडल के बरौनी जंक्शन पर नन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इस कारण 2 से 8 दिसंबर तक ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी। इसको लेकर मिथिला एक्सप्रेस, बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस,




भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस, कमला गंगा इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित 36 ट्रेनों का परिचालन रद किया गया है। इसके अलावा वैशाली एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस समेत 25 ट्रेनों का परिचालन मार्ग परिवर्तित कर किया जाएगा। 7 ट्रेनों का परिचालन आंशिक समापन, 5 ट्रेनों को पुर्ननिर्धारित और 5 ट्रेनों को नियंत्रित कर परिचालित की जाएगी।

## तेलंगाना में शिक्षिका ने की छात्रा की बेंत से पिटाई, तस्वीर के साथ लिखा था 'बोरिंग क्लास'

(आधुनिक समाचार सेवा)

**हैदराबाद।** तेलंगाना में एक छात्रा की कथित तौर पर बेंत से पिटाइ करने का मामला सामने आया है।



तेलंगाना के कामरेड्डी जिले में एक सरकारी शैक्षणिक संस्थान की शिक्षिका ने एक छात्रा की कथित तौर पर बेंत से पिटाई कर दी। दरअसल छात्रा ने सोशल मीडिया पर शिक्षिका की तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें उसने कैप्शन में 'बोरिंग' कक्षा लिख दिया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी छात्रा की कथित तौर पर बेंत से पिटाई करते हुए शिक्षिका का वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। मदनूर मंडल में एक संस्थान में 11वीं कक्षा की छात्रा ने गत सप्ताह कक्षा के दौरान अपने मोबाइल फोन से शिक्षिका की कथित तौर पर तस्वीरें खींची और इसे एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया तथा तस्वीर के साथ में 'बोरिंग क्लास' लिख दिया। पुलिस ने बताया कि जब शिक्षिका को सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में पता चला तो उसने मंगलवार को छात्रा से इस बारे में पूछा। छात्रा ने हालांकि, पोस्ट को लेकर माफी मांग ली लेकिन शिक्षिका ने कक्षा में उसे तथा उसके कुछ सहपाठियों को पीटा। कक्षा में एक छात्रा ने बेंत से पिटाई करते हुए शिक्षिका का वीडियो बना लिया एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी जिसके बाद किशोर न्याय अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत शिक्षिका के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है। इस घटना को लेकर कुछ विद्यार्थियों ने प्रदर्शन भी किया।

## खरगे के रावण वाले बयान पर बीजेपी का पलटवार

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** बुधवार को देश और दुनिया में कई ऐसा घटनाएं घटी जिसने सुर्खियां बटोरी। आइए आज दिन-भर 10 बड़ी खबरों पर



एक नजर डालते हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग में कुछ ही घंटे का वक्त बाकी है। ऐसे में सत्ता पक्ष और विरोधी दलों के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज है। वहीं, चुनावी राज्य गुजरात में अब तक 290 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, मादक पदार्थ, शराब और उपहार जब्त किए गए हैं जो राज्य में 2017 के पूरे विधानसभा चुनाव के दौरान की गई बरामदगी से 10 गुना अधिक है गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग में कुछ ही घंटे का वक्त बाकी है। ऐसे में सत्ता पक्ष और विरोधी दलों के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज है। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पीएम मोदी की तुलना रावण से किए जाने पर भाजपा आगबबूला है। इस टिप्पणी से नाराज भाजपा नेता लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं।

## मणिपुर के 'संगई महोत्सव' के समापन दिवस पर पीएम मोदी ने कहा- मणिपुर में होते हैं मिनी इंडिया के दर्शन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**इंफाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत में पर्व, उत्सव मनाने का इतिहास रहा है। इनके जरिये न सिर्फ संस्कृति समृद्ध होती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बहुत ताकत मिलती है। मणिपुर के 'संगई महोत्सव' के समापन दिवस पर प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि मणिपुर इतने प्राकृतिक सौन्दर्य, सांस्कृतिक समृद्धि और विविधता से भरा राज्य है कि हर कोई यहां एक बार जरूर आना चाहता है उन्होंने कहा, 'जैसे अलग-अलग मणियां एक सूत्र में एक सुंदर माला बनाती हैं, मणिपुर भी वैसा ही है।



इसीलिए, मणिपुर में हमें मिनी इंडिया के दर्शन होते हैं। 'संगई' जैसे त्यौहार स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं, और निवेशकों के साथ-साथ उद्योगों को भी आकर्षित करते हैं। मुझे विश्वास है कि यह क्षेत्र के विकास का प्रवेश द्वार बनेगा।मालूम हो कि कोरोना महामारी के कारण पिछले दो सालों में संगई महोत्सव का आयोजन नहीं हो सका था। मोदी ने व्यापक दृष्टि और भव्य तरीके से महोत्सव के आयोजन के लिए मणिपुर सरकार की भी सराहना की। मोदी ने कहा कि इस बार का आयोजन पहले से और भी अधिक भव्य स्वरूप में सामने आया है जो मणिपुर के लोगों की भावना और उनके जज्बे को दिखाता है।

## सुरक्षा परिषद का पुनर्गठन होने से पी-5 देशों की शक्ति के विभाजन का द्वार खुल जाएगा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार और विस्तार की मांग जब-तब अंगड़ाई लेती रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबसे सुरक्षा परिषद में सुधार की पैरवी तेज की है तबसे वैश्विक माहौल इसके बदलाव के पक्ष में बन रहा है। हाल में दुनिया के 70 देश इसमें बदलाव के पक्ष में आ खड़े हुए हैं। ब्रिटेन और फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की वकालत की है। फ्रांस ने भारत के साथ जर्मनी, ब्राजील और जापान की दावेदारी का भी समर्थन किया है। ब्रिटेन भी भारत की स्थायी सदस्यता की मांग कर चुका है। दरअसल उभरते देशों की भागीदारी संयुक्त राष्ट्र जैसी शक्तिशाली संस्था में आवश्यक हो गई है, जिससे आतंक



का समर्थन करने वाले देश चीन की जुबान पर लगाम लगाई जा सके। सुरक्षा परिषद में नए सदस्यों के रूप में 25 देशों की भागीदारी संभव है। इस गुंजाइश के चलते अफ्रीकी देश भी इसमें भागीदारी चाहते हैं। फ्रांस ने तो यहां तक कहा है कि इन सीटों के अलावा जो सीटें बचती हैं, उनका आवंटन भौगोलिकता के आधार पर किया जाए, जिससे पूरी दुनिया की बात सुरक्षा परिषद में उठाई जा सके। ऐसा होता है तो वीटो जैसे संवेदनशील मुद्दे पर आग्रह-दुराग्रह का दायरा सीमित हो जाएगा और सुरक्षा परिषद की महत्ता अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए निष्पक्षता से रेखांकित की जा सकेगी।

## राज्य में फर्जी फार्मासिस्टों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को लगाई फटकार

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** बिहार में फर्जी फार्मासिस्टों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार



को नागरिकों की जीवन से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि बिहार में फर्जी फार्मासिस्ट अस्पताल और मेडिकल स्टोर चला रहे हैं। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। जस्टिस एमआर शाह और एमएम सुंदरेश ने कहा, 'राज्य सरकार और बिहार राज्य फार्मेसी परिषद को नागरिक के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। फर्जी फार्मासिस्ट द्वारा मेडिकल स्टोर या अस्पताल चलाने से नागरिक के स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा।' कोर्ट ने कहा कि फार्मेसी काउंसिल और राज्य सरकार का यह कर्तव्य है कि यह सुनिश्चित करे कि अस्पताल/मेडिकल स्टोर केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा चलाए लाएं। शीर्ष अदालत ने फार्मासिस्ट मुकेश कुमार की एक जनहित याचिका को बहाल करते हुए ये टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा कि अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट ने जिस तरह से जनहित याचिका का निस्तारण किया है वह ठीक नहीं है। नागरिक के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करने के मामले में हाई कोर्ट का रवैया कामचलाऊ था। उसने मामले की तह में जाने के बजाए मामले का निस्तारण कर दिया। हाई कोर्ट को बिहार राज्य फार्मेसी परिषद को मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहना चाहिए था। हाई कोर्ट को यह भी रिपोर्ट मांगनी चाहिए थी कि बिहार राज्य फार्मेसी परिषद द्वारा प्रस्तुत तथ्यान्वेषी समिति की रिपोर्ट पर राज्य सरकार द्वारा कोई कार्रवाई की गई है या नहीं। शीर्ष अदालत ने नौ दिसंबर, 2019 को पारित हाई कोर्ट के आदेश को यह कहते हुए रद कर दिया और चार सप्ताह के भीतर मुद्दों पर नए सिरे से फैसला करने के लिए मामले को वापस हाई कोर्ट में भेज दिया है। पीठ ने हाई कोर्ट से यह भी कहा कि फर्जी फार्मासिस्टों पर राज्य सरकार और बिहार राज्य फार्मेसी परिषद से विस्तृत रिपोर्ट मांगी जाए। हाई कोर्ट ने मामले का कर दिया था निस्तारण हाई कोर्ट में बिहार स्टेट फार्मेसी की ओर से कहा गया कि तथ्यान्वेषी समिति बनाकर इसकी रिपोर्ट सरकार को भेजी गई है। इसके बाद हाई कोर्ट ने जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया था।

## देश की समुद्री सुरक्षा को और मिलेगी मजबूती

(आधुनिक समाचार सेवा)

**पुणे।** देश की समुद्री सुरक्षा को और मजबूती मिलने जा रही है। नौसेना में हाल ही में शामिल किए गए स्वदेशी विमान वाहक पोत 'आइएनएस विक्रांत' को अगले वर्ष मई या जून तक उसके विमान भी मिल जाएंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने बुधवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के पुणे जिले में खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में 143वें बैच की पासिंग आउट परेड का




निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में एडमिरल हरि कुमार ने कहा कि समुद्री परीक्षण पूरे होने के बाद ही विमान वाहक पोत को नौसेना में शामिल किया गया है। अब पोत पर विमानों को तैनात करने के परीक्षण शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'सबसे पहले हमें विमानों के उतरने की प्रणाली का परीक्षण करना पड़ेगा। ये परीक्षण अभी जारी हैं। सामान्य तौर पर विमानों को शामिल किए जाने के छह से आठ महीने के बीच उन्हें तैनात किया जाता है। हमें उम्मीद है कि मानसून से पहले मई या जून में हम इसे पूरा कर लेंगे।एडमिरल हरि कुमार ने कहा, 'भारतीय नौसेना में आधुनिकीकरण का कार्यक्रम चल रहा है। हमने पहला स्वदेशी छोटा युद्धपोत 1960 में शामिल किया था। तब से हम बड़े, और बड़े पोत बना रहे हैं। इसके बाद हमने डिस्ट्रायर्स, कल्मीनेटर्स और एयरक्राफ्ट कैरियर्स बनाने शुरू किए। संयोग से (नया) विमान वाहक पोत 76 प्रतिशत स्वदेशी है। इसलिए यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।' नौसेना प्रमुख ने कहा कि पिछले सात वर्षों में देश में निर्मित 29 पोतों और पनडुब्बियों को नौसेना में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, 'अभी 45 पोत निर्माणाधीन हैं और इनमें से 43 देश में बन रहे हैं।

# प्रयागराज में 6 करोड़ रुपए की विदेश सिगरेट बरामद 2 तस्कर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** प्रयागराज पुलिस ने बुधवार शाम को नकली विदेशी सिगरेट की तस्करी करने वाले इंटर-स्टेट गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 5 करोड़ 90 लाख रुपये की नकली पेरिस ब्रान्ड सिगरेट सीज की गई है। लगभग 29 लाख 70 हजार पीस सिगरेट के डिब्बे एक ट्रक में भरी हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और थरवई पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपियों को ट्रेस कर गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार सिगरेट की खेप बाहर से आया थी और देश के विभिन्न राज्यों में खपाई जानी थी।



# प्रयागराज में विदाई के दौरान भावुक हुए पूर्व आईजी और एसएसपी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** पुलिस लाइन में बुधवार को पूर्व आईजी राकेश सिंह व पूर्व एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीजी जोन प्रेम प्रकाश, कमिश्नर विजय विश्वास पंत, डीएम संजय खत्री समेत सभी सीओ और थानेदार उपस्थित थे। इस अवसर पर अफसरों ने दोनो को मार्गदर्शक बताया और कहा की उनके मार्गदर्शन में कई महत्वपूर्ण मामले निपटाए जा सके। विदाई के दौरान दोनो भावुक हो गए। उन्होंने पूरी पुलिस टीम का आभार जताया। बता दें की आईजी की नियुक्ति चुनाव पूर्व से थी।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरुकता रैला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** विश्व एड्स दिवस पर गुरुवार को शहर में जागरुकता रैली निकाली गई। स्वस्थ्यकर्मियों की रैली सुभाष चौराहा से शुरू होकर सिविल लाइंस बस अड्डा पर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से लोगों को एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरुक किया गया। खास दिन पर शहर में एड्स से लोगों को बचाने के लिए कई जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत निजी संगठन और तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय के आपसी सामंजस्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में रक्तदान विषयक चार्ट व पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा।



# प्रयागराज में माघ मेला 2022-23 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** माघ मेला 2022-23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में माघ मेला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए।सर्वप्रथम गंगा नदी में कटान के कारण बसावट के क्षेत्र में कमी आने की बात पर चर्चा की गई जिसके संबंध में सलाहकार समिति के सदस्यों ने आवश्यकता पड़ने पर संस्थानों की जमीनों को बराबर अनुपात में कम करने तथा विस्थापन कराने की आवश्यकता पड़ने पर संस्थाओं का क्रम से विस्थापन करने का सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त कटान को देखते हुए घाट वाले क्षेत्रों में कम से कम 200 फुट का सर्कुलेटिंग एरिया छोड़ने पर भी चर्चा की गई।इसी क्रम में जिन संस्थाओं एवं व्यक्तियों द्वारा राजकीय सामानों की वापसी नहीं की गई है उनकी सूची तैयार कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही मेला क्षेत्र के अंदर सिर्फ धार्मिक विज्ञापनों को लगाने तथा किसी भी तरह की निषिद्ध गतिविधियों, क्रियाकलापों एवं निषिद्ध वस्तुओं जैसे मांस, मदिरा इत्यादि का सेवन वर्जित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।बैठक में मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, चिकित्सा व्यवस्था एवं हर सेक्टर में पर्याप्त मात्रा में शौचालयो की व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई जिस पर कई साधु महात्माओं द्वारा कनात शौचालयों की क्वालिटी मानक के अनुरूप ना होने की बात कही गई जिस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शौचालयों की क्वालिटी अच्छी रहे यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्नान घाटों पर भी उचित दूरी पर ही शौचालय बनाने के सुझाव दिए गए जिससे कि घाटों को गंदा होने से रोका जा सके। बैठक में कुछ महात्माओं द्वारा हरिश्चद्र मार्ग पर एक अतिरिक्त पांटून पुल बनाने का भी प्रस्ताव दिया गया जिस पर मंडलायुक्त ने उसकी उपयोगिता का आकंलन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।गाटा मार्गों पर वाहनों को ले जाने मे समस्या ना हो इसके दृष्टिगत हर गाटा मार्ग को और चौड़ा बनाने तथा वहां पानी की रुकावट की समस्या ना हो इसके हेतु नाली की समुचित व्यवस्था कराने पर भी चर्चा की गई। कई साधु-महात्माओं द्वारा मेला क्षेत्र में लगाए जा रहे आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा केंद्रों द्वारा अपेक्षित कार्य ना किए जाने की भी शिकायत आई जिसके दृष्टिगत सर्वे कराने के भी सुझाव दिए गए।तीर्थ यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत हर सेक्टर के बाहर रोडवेज एवं रेलवे के टाइम टेबल लगाने का भी सुझाव दिया गया जिससे कि लोगों को बसो एवं ट्रेन यात्रा में सुविधा हो सके। इस वर्ष मेला क्षेत्र में 13 थाने एवं 38 चौकियों की व्यवस्था की गई है तथा ट्रैफिक, पार्किंग एवं आपातकालीन स्थिति हेतु हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न प्लान बनाए गए हैं। बैठक में नदियों की पानी की स्वच्छता एवं मेला क्षेत्र के अंतर्गत गंगा -यमुना नदी में सीधे मिलने वाले नालों के पानी का शोधन के पश्चात ही नदियों में जाना सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में सभी महात्माओं ,आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों समेत मेला अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# महिला की मौत से पहले खाते से निकाले गए थे डेढ़ लाख रुपये

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** महिला की हत्या के मामले में पुलिस डॉक्टर मित्रा से लगातार पूछताछ कर रही है, लेकिन उन्होंने हर सवाल का जवाब न में दिया है। अधिकारियों का कहना है कि डॉक्टर द्वारा जांच में सहयोग न किए जाने पर पुलिस लगातार साक्ष्यों को इकट्ठा कर रही है। रामबाग में डॉक्टर दीपकेंदु मित्रा के फ्लैट में महिला की हत्या के मामले में एक अहम जानकारी सामने आई है। महिला और डॉक्टर का ज्वाइंट एकाउंट था। महिला की हत्या से कुछ दिन पहले इस एकाउंट से डेढ़ लाख रुपये निकाले गए थे। पुलिस को शक है कि इस रकम का प्रयोग सुपारी किलिंग के लिए भी हो सकता है। महिला की हत्या के मामले में पुलिस डॉक्टर मित्रा से लगातार पूछताछ कर रही है, लेकिन उन्होंने हर सवाल का जवाब न में दिया है। अधिकारियों का कहना है कि डॉक्टर द्वारा जांच में सहयोग न किए जाने पर पुलिस लगातार साक्ष्यों को इकट्ठा कर रही है। पुलिस को यह भी शक था कि महिला की हत्या सुपारी किलर द्वारा की गई है। एक दिन पहले ही पुलिस ने महिला के खाते की जांच की तो पता चला कि उसमें डॉक्टर का ही नंबर लिंक है। बृहस्पतिवार को पता चला कि खाते में महिला और डॉक्टर ज्वाइंट एकाउंट होल्डर थे। ट्रांजैक्शन की जांच की गई तो महिला की मौत से कुछ दिन पहले एकाउंट से डेढ़ लाख रुपये निकाले गए थे। इस बारे में पूछने पर भी डॉक्टर कुछ नहीं बता रहे हैं कि उन्होंने यह रकम किसको दी। पुलिस को शक है कि इस रकम का इस्तेमाल सुपारी किलिंग के लिए भी हो सकता है। डॉक्टर के कॉल डीटेल्स रिकार्ड से पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों की सूची बनाई थी, जिनसे पूछताछ की जानी है। फिलहाल पुलिस इस मामले में फूंक फूंककर कदम रख रही है। डॉक्टर के खिलाफ पुख्ता सुबूत खोजे जा रहे हैं जो अब तक नहीं मिले हैं। सूत्रों का कहना है नए कमिश्नर के आने के बाद ही डॉक्टर के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई करेगी।




# भारत-भारतीय करेगा विभूतियों के नाम पर कवियों का सम्मान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ।** भारत-भारतीय 6दिसम्बर को होने वाले पूर्व प्रधान द्वय ठा0जय करन सिंह एवं बाबू नन्हें सिंह की स्मृति में24वेंअखिल भारतीय कवि सम्मेलन सगरा सुन्दरपुर में विभूतियों के नाम पर कवियों का सारस्वत सम्मान करेगा।राष्ट्रीय कवि डॉ0रणजीत सिंह के संयोजन में होने वाले इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल होंगे तथा विशिष्ट अतिथि शिव शंकर ओझा अधिपति ईंट उद्योग/ समाजसेवी,रणधीर सिंह चौहान प्रबन्धक ब0डॉ0 रा0वि0 महाविद्यालय,टी0पी0यादव सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबन्धक बैंक,अभिनंदन सिंह किल्लू समाजसेवी /अधिपति ईंट उद्योग, इम्तियाज अहमद पूर्व प्रदेश महासचिव कांग्रेस एवं कुन्दन सिंह समापन अतिथि होंगे। इस अवसर पर डॉ0रणजीत सिंह की 13वीं पुस्तक चेतना का प्रवाह का विमोचन होगा।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो0शिव वरण शुक्ल एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 आर0 आर0 पाण्डेय का सारस्वत सम्मान होगा। कवि सम्मेलन में कवियों को प्रेमजी जायसवाल सम्मान,सरदार बलदेव सिंह सम्मान,उदय नारायण ओझा सम्मान,ठाकुर जय करन सिंह सम्मान,बाबू नन्हे सिंह सम्मान,मगदूम सिंह सम्मान, कैप्टन यशवंत सिंह चौहान सम्मान,शहीद राज बहादुर यादव सम्मान,पूर्व बी0डी0ओ0सहदेव सिंह सम्मान,पर्मिला जायसवाल सम्मान,दिनेश चंद्र दुबे सम्मान, राम प्रसाद सिंह सम्मान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने का दायित्व श्यामजी जायसवाल प्रतिनिधि प्रधान सगरा सुन्दरपुर अध्यक्ष स्वागत समिति,नीतेश सिंह बीरू प्रधान हन्डौर अध्यक्ष संयोजन समिति,अभय प्रताप सिंह मुन्ना अध्यक्ष आयोजन समिति,विष्णु प्रताप सिंह अध्यक्ष प्रबंध समिति के कंधों पर होगा।


# हाईकोर्ट जज का अर्दली कमर में लगे पेटीएम वॉलेट से लेता था बख्शीश, निलंबित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**इलाहाबाद हाईकोर्ट कैंपस में वर्दी पर पेटीएम का वॉलेट लगाकर वकीलों से बख्शीश लेने वाले कोर्ट जमादार (अर्दली) राजेन्द्र कुमार को महानिबंधक ने निलंबित कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने वायरल फोटो को गंभीरता से लिया और कार्यवाही करने का आदेश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट कैंपस में वर्दी पर पेटीएम का वॉलेट लगाकर वकीलों से बख्शीश लेने वाले कोर्ट जमादार (अर्दली) राजेंद्र कुमार-प्रथम को महानिबंधक ने निलंबित कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने वायरल फोटो को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस पर हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग ने निलंबित कर दिया। राजेंद्र कुमार-प्रथम न्यायमूर्ति अजीत सिंह का अर्दली है। न्यायमूर्ति अजीत सिंह ने इस तरह बख्शीश लेने की सूचना मिलने पर मुख्य न्यायाधीश को 29 नवंबर 2022 को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी थी। सोशल मीडिया पर पेटीएम के वॉलेट के जरिये बख्शीश लेने का वीडियो भी वायरल हुआ था। न्यायमूर्ति के पत्र का संज्ञान लेते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कार्रवाई का आदेश दिया। निलंबन अवधि के दौरान राजेंद्र कुमार नजारत सेक्शन से संबद्ध रहेगा। कोर्ट की अनुमति के बिना वह अपना स्टेशन नहीं छोड़ सकेगा। इस दौरान उसे निलंबन भत्तों का भुगतान होता रहेगा। राजेंद्र कुमार-प्रथम पर आरोप है कि वह कोर्ट कैंपस में अपनी वर्दी पर पेटीएम का वॉलेट लगाकर घूमता था। फुटकर न होने की स्थिति में वह वॉलेट पर वकीलों से बख्शीश मांगता था। पेटीएम वॉलेट के जरिये वकीलों से ऑनलाइन टिप लेता था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



# भूगोल विभाग में 18 साल बाद होगी शिक्षक भर्ती, इंटरव्यू के लिए तिथि घोषित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** इस बार 17 पदों पर भर्ती होने जा रही है, जिनमें असिस्टेंट प्रोफेसर के 12, एसोसिएट प्रोफेसर के चार और प्रोफेसर का एक पद शामिल है। एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए पीडब्ल्यूडी 'डी' एवं 'ई' श्रेणी के तहत आठ अभ्यर्थियों और एसटी वर्ग के आठ अभ्यर्थियों का इंटरव्यू सात दिसंबर को होगा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के भूगोल विभाग में 18 वर्षों से शिक्षक भर्ती नहीं हुई है। अब 18 साल बाद विभाग में शिक्षकों के 17 पदों पर भर्ती होने जा रही है। इसके लिए सात दिसंबर से साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। वहीं, पर्यावरण अध्ययन केंद्र में शिक्षकों के पांच पदों पर भर्ती के लिए 10 दिसंबर को इंटरव्यू होगा। इससे पूर्व भूगोल विभाग में वर्ष 2004 में लेक्चरर के एक पद पर भर्ती हुई थी। इस बार 17 पदों पर भर्ती होने जा रही है, जिनमें असिस्टेंट प्रोफेसर के 12, एसोसिएट प्रोफेसर के चार और प्रोफेसर का एक पद शामिल है। एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए पीडब्ल्यूडी 'डी' एवं 'ई' श्रेणी के तहत आठ अभ्यर्थियों और एसटी वर्ग के आठ अभ्यर्थियों का इंटरव्यू सात दिसंबर को होगा। उसी दिन एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए अनारक्षित वर्ग के 16 अभ्यर्थी इंटरव्यू देंगे। आठ दिसंबर को असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए एससी वर्ग के लिए 16 एवं ओबीसी वर्ग के 24 अभ्यर्थियों और नौ दिसंबर को असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए ईडब्ल्यूएस के 19 एवं अनारक्षित वर्ग के 32 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में बुलाया गया है।



# स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारी करें दायित्व निर्वहन,लापरवाही अक्षम्य-डी0एम0

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवायें तथा जनता से जुड़ी योजनाओं को बेहतर तरीके से संचालित करने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी पट्टी व बाघराय द्वारा मानक के अनुरूप टीकाकरण न करने पर डी0एम0 ने उन्हें कड़ी फटकार लगायी और चेतावनी निर्गत करने का निर्देश दिया। अमरगढ़ सीएचसी में भी टीकाकरण की प्रगति ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी अमरगढ़ को फटकार लगायी तथा निर्देशित किया कि जो ए0एन0एम0 खराब कार्य कर रही है उनकी सूची बनाकर उनको नोटिस जारी करें।आयुष्मान भारत के तहत गोल्डेन कार्ड निर्माण की समीक्षा में पट्टी आयुष्मान मित्र द्वारा गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की धीमी प्रगति पर कड़ी फटकार लगायी और सचेत किया कि यदि एक हफ्ते के अन्दर सुधार नही हुआ तो इनकी सेवा समाप्त कर दी जाय। गोल्डेन कार्ड मानक के अनुरूप न बनाये जाने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी बिहार व आयुष्मान मित्र को कड़ी फटकार लगायी तथा आयुष्मान मित्र को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। सीएचसी कोहड़ौर तथा रानीगंज के आयुष्मान मित्रों द्वारा गोल्डेन कार्ड मानक के अनुरूप न बनाये जाने पर जिलाधिकारी ने इन दोनो आयुष्मान मित्रों के सेवा समाप्ति का निर्देश दिया। इसके अलावा 06 अन्य ब्लाकों के आयुष्मान मित्रों द्वारा गोल्डेन कार्ड मानक के अनुरूप न बनाये जाने पर उन्हें नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को सचेत करते हुये निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनवाया जाय और प्रतिदिन फीडबैक प्राप्त करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। बाबागंज सीडीपीओ द्वारा वीएचएनडी के निरीक्षण में लापरवाही बरते जाने पर उनके वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें एवं प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विश्वसनीयता को बढ़ाया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सीएचसी/पीएचसी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता शत् प्रतिशत सुनिश्चित की जाये। स्वास्थ्य कार्यो के आंकड़ों को पोर्टल पर समय से अंकित करें। प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना के अन्तर्गत अभी तक 1690 अभ्यर्थियों के करेक्शन क्यू लम्बित होने पर उन्होने नारजागी व्यक्त की तथा निर्देश दिया कि अभियान चलाकर इसे ठीक करायें ताकि लाभार्थी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सके। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि आर0बी0एस0के0 के कार्य में प्रगति लाये लापरवाही न बरती जाये इसका विशेष ध्यान दें। अन्त में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों,प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सचेत करते हुये कहा कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया,मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक आर0सी0 शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार, डीपीएम राजशेखर, सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं स्वास्थ्य समिति के नामित सदस्य उपस्थित रहे।





# विश्व एड्स दिवस पर विशेष कार्यक्रम

## पूर्वोत्तर रेलवे मंडल के चिकित्सा अधिकारी ने एड्स महामारी के बचाव के लिए लोगो को किया जागरूक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामश्रय पाण्डेय के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस पर आज गुरुवार को




वाराणसी के मण्डल चिकित्सालय लहरतारा पर चिकित्सा अधिकारियों द्वारा मरीजों एवं कर्मचारियों को एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से होने वाली एड्स महामारी की भयावहता सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही मंडल चिकित्सालय पर बैनर एवं पोस्टरों के माध्यम से द्वारा एड्स (एचआईवी) महामारी के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।इस दौरान विश्व एड्स दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए और पूर्वोत्तर रेलवे मंडल के चिकित्सा अधिकारी ने एड्स महामारी के बचाव के लिए लोगो को किया जागरूक। इस अवसर पर मुख्यचिकित्सा अधीक्षक डा0आर0जे0चौधुरी ने बताया की प्रारंभ में विश्व एड्स दिवस को सिर्फ बच्चों और युवाओं से ही जोड़कर देखा जाता था,परन्तु बाद में पता चला कि एचआईवी संक्रमण किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। इसके बाद वर्ष 1996 में प्प्ग्/ छिए पर संयुक्तराष्ट्र ने वैश्विक स्तर पर इसके प्रचार-प्रसार का काम संभालते हुए साल 1997 में विश्व एड्स अभियान के तहत रोकथाम और शिक्षा पर कार्य करना शुरू किया उन्होने एड्स के लक्षणों वजन का काफी हद तक काम हो जाना,2-लगातार खांसी बने रहना,-बार-बार जुकाम का होना,-बुखार,सिरदर्द,-थकान, शरीर पर निशान बनना(फंगल इन्फेक्शन के कारण)-हैजा व लसीकाओं में सूजन होना आदि इन 5 तरह के लोगों को हो सकता है एड्स जैसे एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध।खून चढ़ाने के दौरान एचआईवी एफेक्टेड ब्लड का उपयोग।एचआईवी से ग्रसित मां से बच्चे में जा सकता है वायरस।किसी डॉक्टर द्वारा एक ही सिरिंज का इस्तेमाल बार-बार करना।नाई या टैटू की शॉप पर इंफेक्टेड चीजों के इस्तेमाल से बचने की सलाह दी। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि विश्व एड्स दिवस के इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 आर0आर0 सिंह,डा0 सुनन्दा चतुर्वेदी,डा0 निरज,डा0 कल्पना दूबे, डा0ए0 के0 सिंह व मंडल चिकित्सा अधिकारी डा0 मोनिका शुक्ला एवं डा0 अमरनाथ ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए उक्त सावधानियों को अपनाकर एड्स से सुरक्षित रहने का उपाय भी बताते हुए उन्होंने लोगो को जागरूक किया।

# तीन दिन तक काशी में रहेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ये रहेगा कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार से तीन दिवसीय काशी दौरे पर रहेंगी। शनिवार को वित्त मंत्री सुबह आठ बजे से स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। रविवार को सुबह काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत बीएचयू में बैठक करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार से तीन दिनों तक वाराणसी में रहेंगी। जिला प्रशासन के पास आए प्रोटोकाल के अनुसार वे शुक्रवार की देर रात काशी पहुंचेंगी। यहां बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस में विश्राम करेंगी। शनिवार को



वित्त मंत्री सुबह आठ बजे से स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। रविवार को सुबह काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत बीएचयू में बैठक करेंगी। यहां छात्रों संग संवाद करेंगी। इसके बाद तुलसी पत्ती गांव स्थित शंकर आई हास्पिटल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद रविवार की देर शाम दिल्ली रवाना होंगी। दरअसल पूर्वी भारत का मेडिकल हब बन चुके वाराणसी में 250 बेड के आंख के अस्पताल का भूमि पूजन वित्त मंत्री की मौजूदगी में किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि करीब एक साल में यहां ओपीडी शुरू कर मरीजों को सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। इसमें न्यूनतम शुल्क पर मरीजों को ओपीडी से लेकर भर्ती और आपरेशन तक की सुविधा दी जाएगी। काशी तमिल संगमम के दौरान इस अस्पताल की स्थापना की रूपरेखा बनाई गई कांची कामकोटि मेडिकल ट्रस्ट ने अस्पताल के लिए चिकित्सा विभाग से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त की है। पिछले आठ वर्षों में वाराणसी में बनारस हिंदू विश्व विद्यालय के सर सुंदरलाल चिकित्सालय में सुविधा विस्तार के साथ ही कैंसर अस्पताल की स्थापना कर यहां मेडिकल सुविधाओं को विश्व स्तरीय बनाया गया है।

# विकास दुबे के साथी प्रभात के एनकाउंटर मामले में एनएचआरसी ने चार हफ्ते का समय दिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** जिला न्यायालय के अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। प्रशासन की रिपोर्ट की जांच और परीक्षण का आदेश डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन को दिया है। वहीं, चार हफ्ते में रिपोर्ट भी मांगी है वाराणसी जिला न्यायालय के दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया था। एडवोकेट की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश के डीजीपी, कानपुर







अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी के अनुसार विकास दुबे की गैंग का अपराधी बताकर प्रभात मिश्रा नामक 16 वर्षीय नाबालिग का एनकाउंटर कानपुर में किया गया था। पुलिस का कहना था कि प्रभात हथकड़ी पहन कर भाग रहा था। जबकि, प्रभात को पुलिस ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था। कानपुर के बिकरू कांड में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर विकास दुबे के साथी प्रभात मिश्रा के एनकाउंटर प्रकरण में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने यूपी के पुलिस अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी के अनुसार विकास दुबे की गैंग का अपराधी बताकर प्रभात मिश्रा नामक 16 वर्षीय नाबालिग का एनकाउंटर कानपुर में किया गया था। पुलिस का कहना था कि प्रभात हथकड़ी पहन कर भाग रहा था। जबकि, प्रभात को पुलिस ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था। अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी के अनुसार, पुलिस के द्वारा डीके बसु और जोगिंदर कुमार के केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा के डीएम-एसएसपी से पोस्टमार्टम रिपोर्ट, बैलिस्टिक रिपोर्ट और इंक्वेस्ट रिपोर्ट तलब की थी। आयोग के आदेश के क्रम में उतर प्रदेश सरकार द्वारा सभी रिपोर्ट भेजी गई थी। अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी ने बताया कि मानवाधिकार आयोग ने सभी रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद पूरे एनकाउंटर की जांच और परीक्षण अपने डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन से कराने का आदेश पारित किया है। साथ ही, डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन से चार हफ्तों में रिपोर्ट मांगी है।

# ट्रेन में संदिग्ध परिस्थितियों में यात्री की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के देवरिया कला गांव निवासी आलोक कुमार वर्मा पुत्र रामदयाल शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। दोपहर में परिजनों के पहुंचने पर शव का युवक की जांच कराई। तब तक उनकी मौत हो गई थी। जीआरपी ने उनके पास मिले आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना



कोरबा एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे। वे अपने घर जा रहे थे। रास्ते में उनकी तबीयत खराब हो गई। गुरुवार को सुबह ट्रेन विंध्याचल में रुकी। वहां डॉक्टर नहीं मिलने के कारण उनका उपचार नहीं कराया जा सका। कोरबा एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री की गुरुवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ट्रेन रेलवे स्टेशन मिर्जापुर पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच कर यात्री को मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने आधार कार्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। बलिया जिले के फेफना थाना क्षेत्र के देवरिया कला गांव निवासी आलोक कुमार वर्मा (29) पुत्र रामदयाल कोरबा एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे। वे अपने घर जा रहे थे। रास्ते में उनकी तबीयत खराब हो गई। गुरुवार को सुबह ट्रेन विंध्याचल में रुकी। वहां डॉक्टर नहीं मिलने के कारण उनका उपचार नहीं कराया जा सका। ट्रेन सुबह छह बजे मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जीआरपी ने डॉक्टर को बुलाकर दी। युवक की संदिग्ध मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जीआरपी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि ट्रेन में सफर करते समय युवक की मौत हो गई। विंध्याचल में ट्रेन के रुकने पर इलाज नहीं मिल सका। मिर्जापुर स्टेशन पर पहुंचने पर यात्री की मौत हो गई थी। उनके पास मिले आधार कार्ड से पहचान हुई। साथ में सफर कर रहे यात्रियों से पता चला कि उनकी तबीयत खराब हुई थी। उन्हें पसीना आने लगा और सीने में दर्द उठा था।

# वाराणसी नगर निगम के वार्डों की आरक्षण सूची जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** नगर निकाय चुनाव के लिए वाराणसी नगर निगम की 100 और गंगापुर नगर पंचायत के 10 वार्डों की प्रस्तावित आरक्षण सूची गुरुवार को जारी कर दी गई है। शासन स्तर से नगर निगम की 100 और गंगापुर नगर पंचायत के 10 वार्डों की प्रस्तावित आरक्षण




सूची गुरुवार को जारी कर दी गई है। पार्षद पद के लिए अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं। सूची जारी होने की अधिसूचना की तिथि से सात दिनों के भीतर जिलाधिकारी के यहां आपत्तियां ली जाएंगी। इसके बाद 100 वार्डों के आरक्षण की फाइनल सूची का प्रकाशन होगा। नगर आयुक्त प्रणय सिंह के अनुसार नगर निगम में कुल 100 वार्ड हैं। इनमें अनुसूचित जाति महिला के लिए तीन, अनुसूचित जाति के लिए पांच, पिछड़ा वर्ग महिला के लिए नौ, पिछड़ा वर्ग के लिए 18, अनारक्षित के लिए 44 और महिला के लिए 21 सीटें आरक्षित की गई हैं। गंगापुर नगर पंचायत में कुल 10 वार्ड हैं। इनमें पिछड़ा वर्ग महिला के लिए एक, पिछड़ा वर्ग में एक, अनारक्षित में पांच, महिला में दो, अनुसूचित जाति महिला के लिए एक वार्ड आरक्षित किए गए हैं।अनुसूचित जाति महिला - 3लहरतारा, सिकरौल, फुलवरियाअनुसूचित जाति - 5 शिवदासपुर, सलारपुर, मंडुआडीह, दीनापुर, शिवपु पिछड़ा वर्ग महिला - 9 शिवपुरवां, गोला घाट रामनगर, कंदवां, तुलसीपुर, ककरमत्ता, बिरदोपुर, सूजाबाद डोमरी, भेलूपुर, छित्तुपुर खास पिछड़ा वर्ग - 18 छित्तुपुर (लोको छित्तुपुर), गणेशपुर, नईबस्ती, लोढ़ान, जोलहा दक्षिणी, पांडेयपुर, दनियालपुर, चेतगंज, अकथा, मढ़ौली, पिसौर, रमरेपुर, जगतपुर, पुराना रामनगर, घसियारीटोला, शिवाला, पितरकुंडा, रामापुराहुकुलगंज, रामपुर रामनगर, सरसौली, संदहां, तरना, दुर्गाकुंड, सरायनंदन, नारायणपुर, करौंदी, नदेसर, राजा बाजार, चौकाघाट, सुसुवाही, पिशाचमोचन, सारनाथ, जोल्हा उत्तरी, पहड़िया, सुंदरपुर, सिगरा, प्रहलादघाट, खजुरी, डिठोरी महाल, लल्लापुरा खुर्द, मध्यमेश्वर, हनुमानफाटक, कोनिया, आदिविशेश्वर, रानीपुर, बजरडीहा, भगवानपुर, काजीपुरा, कृतिवाशेश्वर, सूर्यकुंड, पियरी कला, गोला दीनानाथ, धूपचंडी, जंगमबाड़ी, बंगालीटोला, लल्लापुरा कला, बागेश्वरी देवी, दशाश्वमेध, कालभैरव, जमालुद्दिनपुरा, कमालपुरा महिला - 21 राजघाट, नगवां, सीरगोवर्धनपुर, रमदत्तपुर, नेवादा, लेढ़ुपुर, लोहता, नरिया, लालपुर मीरापुर बसहीं, अलईपुर, जलालीपुरा, ईश्वरगंगी, बागाहाड़ा, मदनपुरा, बिंदुमाधव, ओमकालेश्वर, सरैयां, बलुआबीर, कमलबढ़हा, काजी सादुल्लापुरा, बंधु कच्ची बाघ।


सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
- डेटा इंट्री आपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशियन
- सीएनसी प्रोग्रामिगं
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# रेलवे स्टेशन पर प्रेमी ने प्रेमिका के गले पर चाकू से किए कई वार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शाहपुर।** लड़की की मौत,फिर खुद का गला भी काटा जहानागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी 22 वर्षीय धनंजय पुत्र शिवचंद बिलरियागंज थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव की रहने वाली एक युवती से प्रेमप्रसंग था। करीब पांच माह पूर्व वह लड़की को लेकर फरार हो गया था। वह गुरुवार की शाम गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से उसके साथ मृत घोषित कर दिया। वहीं जख्मी प्रेमी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। दोनों मुंबई से गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से घर लौट रहे थे। जहानागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी 22 वर्षीय धनंजय पुत्र शिवचंद बिलरियागंज थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव की रहने वाली एक युवती से प्रेमप्रसंग था। करीब पांच माह पूर्व वह लड़की को लेकर फरार हो गया था। वह गुरुवार की शाम



आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां उसके माता-पिता व परिवार के कुछ सदस्य भी थे। सिधारी थाना क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन के समीप एक प्रेमी ने प्रेमिका के गले पर चाकू से वार कर दिया। जिससे प्रेमिका की मौत हो गई। वहीं खुद को भी चाकू मारकर जख्मी कर लिया। युवती को अधिक चोट लगने के कारण उसे एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से उसके साथ आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां उसके माता-पिता व परिवार के कुछ सदस्य भी थे।लड़की को अपने साथ जाने के लिए धनंजय दबाव बनाने लगा। तभी उसके परिजन विरोध करने लगे। धनंजय ने चाकू से उसके गर्दन पर कई वार किए। जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं युवक ने खुद को भी गर्दन में चाकू से वार कर जख्मी कर लिया।

# विश्व एड्स दिवस पर निकली जागरूकता रैली

## साईंनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स, हिंदुआरी, सोनभद्र के छात्र-छात्राओं ने रैली में लिया हिस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में वृहस्पतिवार को साईनाथ ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स, हिंदूवारी, सोनभद्र के छात्र-छात्राओं (बी फार्मा, बीएससी नर्सिंग व डी फार्मा) द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जसिका शुभारंभ मुख्य अतिथि एड्स के नोडल अधिकारी एडिशनल सीएमओ डॉक्टर गुलाब यादव, सदर ब्लाक प्रमुख व क्षेत्रिय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा (काशी प्रान्त) अजीत रावत , संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश कुमार पटेल एवं प्रबंध निदेशक धर्मराज मौर्य ने हरी झंडी दिखा के किया गया। रैली सीएमओ कार्यालय से चलकर आरटीएस क्लब होते हुए पन्नूगंज रोड से शीतला मंदिर चौक होकर बढ़ौली चौक पहुंची। उसके बाद सिविल लाइन रोड स्थित सवेरा होटल के सामने गायत्री लॉज के बगल वाले रास्ते से राजकीय महिला इण्टर कॉलेज होते हुए वापस सीएमओ ऑफिस पहुंचकर रैली का समापन किया गया। इस जागरूकता रैली के माध्यम से आम जनता को एड्स जैसी जानलेवा बीमारी को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति संस्था के सचिव संदीप मौर्या , संस्था के प्रबंधक धीरज पाठक एवं सूर्य देव पांडेय ( प्रॉक्टर ) रही। कार्यक्रम का कुशल आयोजन कॉलेज की हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट असोसिएट प्रोफेसर शुचिता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का सञ्चालन कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर विनय पांडे, लेक्चरर अरुण चतुर्वेदी, गेस्ट लेक्चरर प्रिंस राय व सौरभ त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर शुभम सिंह , असिस्टेंट प्रोफेसर पंकज सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर अवनीश मिश्रा, व लेक्चरर डा पवन दास एवं समस्त स्टाफ सदस्य की उपस्थिति में कार्यक्रम सफल हुआ।




# हत्या में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** न्यायाधीश अनमोल पाल ने दोषसिद्ध पाए जाने पर ससुर और देवर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी पति को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। कटरा कोतवाली क्षेत्र निवासी दिनेश सेठ ने 13 जनवरी 2008 को थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी बहन इंदू देवी की शादी मंगला प्रसाद सेठ निवासी अमानगंज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले उनकी बहन को प्रताड़ित करते थे। पति ने सारा गहना बेच दिया। मोहल्ले वालों से सूचना मिली कि ससुराल वाले उनकी बहन को जलाकर मार डाले हैं। इसके बाद पुलिस ने पति समेत अन्य ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने विवचेना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। कटरा कोतवाली की मानिटरिंग और पैरवी सेल ने प्रभावी पैरवी की। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आलोक राय ने गवाहों को परीक्षित कराकर साक्ष्य अदालत में प्रस्तुत कर



आरोपियों को अधिक से अधिक सजा देने की मांग की। इस बीच मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी सास की मौत हो गई। इस मामले में पीड़िता ने पति को बचाने का बयान दिया था। इसलिए साक्ष्य के अभाव में जनपद न्यायाधीश ने आरोपी पति मंगला प्रसाद को दोषमुक्त कर दिया। अधिवक्ता के दलील, पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर जनपद न्यायाधीश ने ससुर भरत लाल और देवर शंकर लाल को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया। साथ ही पांच-पाच हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया। अर्थदंड नहीं देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# फेब्रिकेशन के क्रेन आपरेटर सत्येंद्र नारायण तिवारी का हुआ भव्य विदाई समारोह

## बेटा है कैप्टन फिर भी हिण्डालको मे दिया अपना समय, लेनी चाहिए सीखः एस.के.सिंह
## अधिकारियों संघ कर्मचारियों ने किया उज्जवल भविष्य की कामना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रेणुकूट।** जनपद सोनभद्र के जिला मुख्यालय से 70 किमी पर रेणुकूट में हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी स्थापित है यह कंपनी एल्युमुनियम की पैदावार करती है जो एशिया कि नं01 कपंनी में गिनी जाती है। इस कंपनी में स्थानिय कर्मचारियों के अलावा दूर-दरार से सप्लाई मजदूर कार्य करने यहां आते है। कंपनी के निजी कर्मचारी कैंपस मे ही अपने बाल बच्चो के साथ रहकर कंपनी को आगे बढाने में योगदान दे रहे है। बता दूं कि इस दुनिया मे जो आया है वो एक दिन जायेगा भी जरूर, उसी भांति कंपनी में कार्य के दौरान उम्र पूरे हो जाने पर रिटायर यानी सेवानिवृत्त भी होना पडता है। हिण्डालको रेणुकूट में नवंबर माह में रिटायर हुए कर्मचारियों का विदाई हुआ जिन्हे हिण्डालको के सीओओ एन0 नागेश व रेणुकूट के क्लस्टर मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह व्दारा भावभीनी विदाई दी गयी। इस संस्थान में कई अलग अलग विभाग है हर विभाग का अपना एक अहम रोल है कंपनी को आगे बढाने में फेब्रिकेशन प्लांट है इस एरिया के कर्ताधर्ता सुनिल कुमार सिंह जी है जो अपने स्टापों व कर्मचारियों के साथ मिलकर कंपने को आगे ले जाने का कार्य कर रहे है। वही 30 नवंबर को क्रेन ऑपरेटर सत्येंद्र नाथ तिवारी सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर श्री तिवारी जी का कर्मचारियों ने नम आखो से विदाई की, कयोकि तिवारी जी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे इनका लडका सेना मे कैप्टन है इसके बावजूद भी इनके अंदर कोई घमंड नही अपनी मेहनत व लगन को इस संस्था को दिया। कार्यक्रम का संचालन नागेन्दर विश्वकर्मा ने किया। मुख्यअतिथि सुनिल कुमार सिंह, विशिष्ठ अतिथि शरद चंद्र, उमाशंकर सिंह, संजय श्रीवास्तव, मुहम्मद नासिर, अनिल पनिका, श्रेया सोनवाली, बब्बन सिंह ने मिठाई व माला पहनाकर श्री तिवारी जी का विदाई कर अग्रिम भविष्य की कामना किया। मुख्यअतिथि सुनिल सिंह ने सर्वप्रथम सत्येंद्र नाथ तिवारी जी को पगडी व माला पहनाकर अपने संबोधन में कहा कि बिहार के रहने वाले तिवारी जी रोलिंगमिल के शान थे इनका स्वभाव हमेशा परिवार की भांति पाया गया है, वही शरद चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि तिवारी जी का विदाई हम सब को खलेगी, क्योकि इनके अंदर सेटिंग व क्रेन की अच्छी जानकारी थी कंपनी कार्यो के अलावा अपने व्यवहार के लिए श्रमिकों के लिए हमेशा प्रिय रहें है तिवारी जी। वही इस अवसर पर, पाठक जी, एल.एस.त्रिपाठी, एस.के.यादव, रामबाबू, अभिषेक मिश्रा, उपेंदर सिंह, बिरेंदर यादव, दिनेश जायसवाल, सहित रोलिंग मिल के सैकडो कर्मचारी मौजूद रहे।



# दुघर्टना की स्थिति में सुरक्षा के बचाव हेतु कारखानों में सुनिश्चित कराये मूल भूत सुविधाए -अपर जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्ज़ापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में जिला संकट स्थित समूह के सदस्यों के साथ प्रथम बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में संयोजक सदस्य/सहायक निदेशक कारखाना वाराणसी सुश्री अर्चना के द्वारा बैठक के एजेण्डा बिन्दु के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जिला क्राइसिस ग्रुप के गठन उद्देश्य एवं कार्यो पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी गयी। उन्होने बताया कि जनपद में किसी भी स्थापित कारखानाओं में अतिखतरनाक प्रकृति के कारखानें में भंडारित रसायनों एवं उत्पादित माल तथा कारखाने में स्थापित सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में भी चर्चा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि क्षेत्र में स्थापित बड़े औद्योगिक कारखानों में भंडारित रसायनों, उत्पाद के दौरान अपरिहार्य कारणो से होने वाले दुघर्टनाओं के बचाव एवं सुरक्षा के लिये निर्धारित मानक के अनुसार मूल भूत सूविधाए अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करायी जाय। उन्होने कहा कि जनपद के ''आफ साइट'' एवं आन साइट इमरजेंसी प्लान के सम्बन्ध में भी समिति के सदस्यों व कारखानाओं के प्रबन्धको को निर्देशित करते हुये कहा कि अतिशीघ्र अपात स्थिति से निपटने हेतु आफ साइड इमरजेंसी प्लान तैयार कर प्रस्तुत किय जाय ताकि जिला प्रशासन को सम्मिलित करते हुये कारखाने आनसाइड इमरजेंसी प्लान का रिहर्सल भी कराया जा सकें। उन्होने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी संकट स्थिति समूह के गठन के दौरान जिला अग्निशमन अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को भी शामिल किया जाय। बैठक में श्री अजय कुमार क्षेत्राधिकारी चुनार, अधिशासी अभियन्ता जल निगम संदीप सिंह, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ बी0के0 सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, सहायक अग्निश्मन अधिकारी सुभाष सिंह के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। (2) अपर जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण कर दिया निर्देश मिर्ज़ापुर।अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने तहसील लालगंज क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित धान कय केन्द्रों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के समय तक 759 किसानों द्वारा क्रय हेतु सम्पर्क किया जाना पाया गया, जिसमें 27 किसानों से 1257.60 कु0 की खरीद हुई है तथा 15 किसानों का भुगतान किया गया है व 12 किसानों का भुगतान अवशेष है। इसी प्रकार धान का प्रेषण 800 कु0 हुआ है, बाकी अवशेष है। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि अवशेष धान का प्रेषण व कृषकों के भुगतान की कार्यवाही कल तक करायें तथा टोकन के अनुसार पारदर्शी तरीके के क्रय करना सुनिश्चित करें। खाद्य विभाग विपणन शाखा लालगंज क्रय केन्द्र प्रथम व तृतीय- निरीक्षण के समय केन्द्र पर अभी तक 1455 कृषकों द्वारा क्रय हेतु सम्पर्क किया जाना पाया गया निरीक्षण के समय तक केन्द्र प्रथम पर 15 किसानों से 984 कु0 खरीद की गयी है जिसमें से 12 किसानों का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार केन्द्र तृतीय पर 16 किसानों से 826 कु0 खरीद की गयी है, जिसमें से 14 किसानों का भुगतान किया गया है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अभी तक दोनों केन्द्रों से क्रय किये गये धान का प्रेषण नहीं किया गया है,उन्होंने कहा कि यह कदापि स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मीरजापुर को निर्देशित किया ज कि धान के प्रेषण की व्यवस्था सुनिश्चित कराकर दिनांक 02.12.2022 तक अवगत करायें तथा टोकन व्यवस्था के अनुसार पारदर्शी ढंग से खरीद सुनिश्चित करायें। (3) क्रशर प्लांटो, कटिंग यूनिट एवं खन्न पट्टा स्थलों पर मिस्ट गन का नियमित प्रयोग करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल जिला पंचायत सभागार में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला खान अधिकारी एवं जनपद के क्रशर व खन्न पट्टा धारको के साथ बैठक कर खन्न क्षेत्रो में होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिये समुचित उपाय करने का निर्देश दिया ।उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि खन्न पट्टा स्थलों व क्रशर प्लांटो पर निरीक्षण के दौरान कई पट्टा धारको के द्वारा मानक के अनुसार कार्य नही किया जाता हुआ पाया गया है। उन्होने कहा कि सभी खन्न पट्टा धारक अपने खन्न क्षेत्र पर एक बोर्ड लगाकर पट्टा धारक का नाम, आराजी संख्या, क्षेत्रफल व अवधि के साथ ही साथ मोबाइल नम्बर भी अंकित कर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार क्रशर प्लांटो एवं खन्न क्षेत्रो के आस पास के क्षेत्रो को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करने के लिये सड़को के किनारे आस पास प्राथमिक विद्यालयों एवं खाली पड़ी जमीनों पर वृक्षारोपण व हरे पौधो का प्लांटेशन कराना सुनिश्चित कराये ताकि खन्न क्षेत्रो में क्रशर प्लांटो से निकलने वाले धूल को रोका जा सकें। उन्होने कहा कि अपने-अपने क्रशर प्लांटो सहित आस पास के सड़को पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव सुनिश्चित कराये तथा ट्रको के आने जाने से छतिग्रस्त सड़को के गढ्ढो में गिट्टी आदि को भरकर मरम्मत भी सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि सभी खन्न पट्टा क्षेत्रो में फेसिग पिलर भी लगाया जाय। खन्न क्षेत्रो में ब्लास्टिंग के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित समय में ही ब्लास्टिंग किया जाय यह भी सुनिश्चित करे कि आस पास के स्कूलों से भी समन्वय स्थापित कर या मालूम कर ले कि यदि किन्ही कारणवश ब्लास्टिंग छुट्टी होने वाला हो तो प्रधानाध्यपक से समन्वय स्थापित कर ही ब्लास्टिंग की किया जाय। सभी क्रशर प्लांटो, कटिंग यूनिट एवं खन्न पट्टा धारको को नियमित रूप से मिस्ट गन का प्रयोग करने के लिये भी निर्देशित किया गया। उन्होने यह भी कहा कि क्रशर प्लांटो कटिंग यूनिट अपने प्लांट के क्षेत्रान्तर्गत तार से घेरा बन्दी भी सुनिश्चित करे ताकि वहां कोई जानवर न जा सकें। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये खदानों एं क्रशर प्लांटो पर समुचित उपाय सुनिश्चित किया जाय। अन्त में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि खन्न क्षेत्रो में प्रदूषण नियंत्रण एक गम्भीर विषय है अतएव सभी पट्टा धारक व क्रशन प्लांट धारक अपने क्षेत्रो में प्रदूषण नियंत्रण अथवा नियमों में उल्लिखित सभी बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित कराये। उन्होने कहा कि एक सप्ताह के अन्दर सभी क्रशर एवं खन्न पट्टा धारक एक शपथ पत्र में यह दे कि मानक के अनुसार सभी नियमों का पालन किया गया हैं। उन्होने यह भी कहा कि कोई भी खन्न पट्टा धारक अपने खादान से ओवरलोडिंग ने करे अन्यथा उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



# निरीक्षण में मिली खामियां, बच्चों के लिए कम बना था भोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद व जनपद न्यायाधीश के आदेश पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश रचना अरोड़ा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रज्ञा सिंह, उपजिलाधिकारी सदर चंद्र भानु सिंह, क्षेत्राधिकारी सिटी प्रभात कुमार राय एवं प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनित टंडन ने मोर्चाघर स्थित संप्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया। इस दौरान संप्रेक्षण गृह में कई कमियां मिलीं। निरीक्षण के दौरान के मिर्जापुर के 24 किशोर, सोनभद्र के 30, भदोही के 26 किशोर संप्रेक्षण गृह में मिले। किशोरों के कमरों के निरीक्षण में काफी सीलन व दुर्गंध मिली। प्रवासित किशोरों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। हालांकि इस दौरान रोटी व सब्जी पर्याप्त मात्रा में बना नहीं दिखा। इस पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश रचना अरोड़ा ने जिला प्रोबेशन अधिकारी व प्रभारी सहायक अधीक्षक प्रदीप कुमार को किशोरों के कमरों को साफ-सफाई कराकर पर्याप्त मात्रा में मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सचिव प्रज्ञा सिंह ने संप्रेक्षण गृह में किशोर के पंजिका के रखरखाव का अवलोकन किया। इस दौरान प्रभारी सहायक अधीक्षक प्रदीप कुमार को निर्देशित किया कि संप्रेक्षण गृह में समस्त पंजिकाओं का रख-रखाव व विवरण समय पर अंकित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने वहां रह रहे किशोरों को धार्मिक पुस्तकें व खेलकूद सामग्री अविलंब उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।



# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के देवाही पहाड़ी गांव में बुधवार को दोपहर बाद मोबाइल फोन से बात करते समय खेत में जा रही महिला रेल लाइन के पास ट्रेन की चपेट में आ गई। परिजन उसे घर लेकर आए। परिजन जब तक उसे अस्पताल ले जाते, उसकी मौत हो गई। सूचना पर मायके वाले पहुंचे। मायके वालों ने लोहे के छड़ से मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। रात में भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। बृहस्पतिवार को सुबह सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उधर, पुलिस छानबीन के बाद मायके वाले मान गए और कोई तहरीर नहीं दी। प्रयागराज जिले के खीरी थाना क्षेत्र के कौशला गांव निवासी चंद्रबली सिंह की पुत्री आरती (30) का विवाह पड़री थाना क्षेत्र के देवाही पहाड़ा गांव निवासी सोनू सिंह के साथ हुई थी। सोनू सिंह मजदूरी करता है। उससे एक पुत्र है। ससुराल वालों ने बताया कि बुधवार को दोपहर बाद आरती चने के खेत में जा रही थी। खेत में जाते समय वह मोबाइल फोन से बात कर रही थी। गांव से गुजरे रेल लाइन से होकर जाते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर घर गए। परिजन उसे जब तक अस्पताल लेकर जाते, उसकी मौत हो गई। उधर, सूचना पर मायके वाले पहुंचे। मृतका के पिता चंद्रबली ने आरोप लगाया कि लोहे के छड़ से मारकर हत्या की गई है। रात भी दोनों पक्षों में कहासुनी आरोप-प्रत्यारोप चलता रहा। बृहस्पतिवार को सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष माधव सिंह ने बताया कि मोबाइल से बात करते समय खेत की तरफ जा रही महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मायके और ससुराल पक्ष ने रात में विवाद किया था। सुबह सूचना पर मौके पर पहुंच कर जानकारी की गई। बात करने पर दोनों पक्ष मान गए। हत्या के आरोप संबंधी कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# पांच वर्ष से फरार पचास हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्ज़ापुर।** मड़िहान पुलिस ने बुधवार की शाम पांच वर्ष से फरार चल रहे इनामी बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस लाइन में बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन रामकुमार और डीआईजी आरपी सिंहने कई साल से फरार चल रहे पुरस्कार घोषित अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। इस बीच मड़िहान पुलिस ने एसओजी टीम के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर बेला नहर के पास से पांच वर्ष से फरार चल रहे 50 हजार के इनामी लल्लन मौर्या निवासी गोरथरा मौजा लोरिका थाना मड़िहान को पकड़ने का प्रयास किया। लल्लन ने पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने का प्रयास किया। इस बीच पुलिस ने स्वयं को सुरक्षित रखते हुए मुठभेड़ में आरोपी लल्लन को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मड़िहान में दर्ज मुकदमे में लल्लन मौर्या फरार चल रहा था। कुर्क की कार्रवाई के बाद भी आरोपी नहीं पकड़ा गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम कई प्रदेशों में उसके ठिकानों पर खोजबीन कर रही थी। इस बीच बुधवार की रात आरोपी लल्लन मौर्या को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने दो बैंकों से लाखों का लोन लिया है। अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए भी टीम लगी है।

# सहायक अध्यापक के फर्जी नियुक्ति में फरार आरोपी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्ज़ापुर।** इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने कचहरी के पास से सहायक अध्यापक की फर्जी नियुक्ति मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई 2016 को संयुक्त शिक्षा निदेशक माया निरंजन ने फर्जी नियुक्ति के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। कई चक्र में 157 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इसकी विवेचना शहर कोतवाली पुलिस और अपराध शाखा की टीम कर रही थी। मानवेंद्र कुमार राय निवासी पिपरी जिला सोनभद्र जो कुंडेसर थाना भांवरकोल गाजीपुर के मूल निवासी हैं, इनके खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए सहायक अध्यापक की नौकरी प्राप्त करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इन दिनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर कोतवाल अरविंद मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मानवेंद्र कचहरी के पास मौजूद है। इसके बाद पुलिस ने घेरेबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सहायक अध्यापक के फर्जी नियुक्ति में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



# टेस्ट शुरू होने में देरी की खबरों के बीच फैंस के लिए आया बड़ा अपडेट,

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 17 साल बाद पाकिस्तान की धरती पर टेस्ट खेलने पहुंची इंग्लैंड टीम के फैन को उस वक्त निराशा हाथ लगी, जब 14 खिलाड़ियों के बीमार होने की खबर ने टेस्ट मैच पर संकट



खड़ा कर दिया। लेकिन अब जो खबरें सामने आ रही है, वह उन फैंस को सुकून देगी, जो इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच इस टेस्ट मैच को लेकर उत्साहित हैं। इस टेस्ट को लेकर अपडेट यह है कि यह अपने तय समय पर शुरू हो जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने ट्वीटर हैंडल पर इस बात की जानकारी साझा की है कि यह टेस्ट मैच अपने तय समय पर होगा। ट्वीट में लिखा है कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने यह सूचित किया है कि वह इस स्थिति में हैं कि 11 खिलाड़ियों को पूरा कर सके और पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच शेड्यूल के अनुसार रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में ही होगा। इससे पहले अचानक 14 खिलाड़ियों के बीमार होने की खबर के बाद दोनों बोर्डों ने इस पर बात कर फैसला लेने की बात की थी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आपस में बात की जिसके बाद यह तय किया गया कि टेस्ट अपने शेड्यूल वक्त पर ही होगा। इससे पहले अचानक 14 खिलाड़ियों के बीमार होने की खबर के बाद दोनों बोर्डों ने इस पर बात कर फैसला लेने की बात की थी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आपस में बात की जिसके बाद यह तय किया गया कि टेस्ट अपने शेड्यूल वक्त पर ही होगा। 16 में से 14 खिलाड़ी हो गए थे बीमार 16 में से 13-14 खिलाड़ी मैच से ठीक एक दिन पहले वायरल इंफेक्शन की चपेट में आ गए थे, जिसमें से 6 खिलाड़ी स्क्वॉड में शामिल थे। आपको बता दें कि इस दौरे पर इंग्लैंड की टीम अपना खुद का शेफ (खानसामा) लेकर गई है। बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर), जो रूट, जेम्स एंडरसन, हैरी ब्रूक, जैक काउली, बेन डकेट, विल जैक, कीटन जेनिंग्स, जैक लीच, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, ओली पोप, ओली राबिन्सन, मार्क वुड , रेहान अहमद।

# सेलेक्शन कमेटी से बर्खास्त किए गए चेतन शर्मा ने दोबारा किया अप्लाई, रोचक हुआ मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप में टीम की असफलता के बाद बीसीसीआइ ने पहला बड़ा एक्शन मौजूदा सेलेक्शन कमेटी को बर्खास्त करके लिया था। बीसीसीआइ ने तत्काल इसके लिए आवेदन भी मांगे थे, जिसकी आखिरी तारीख 28 नवंबर थी। रहा है कि अब तक 60 से भी ज्यादा आवेदन किए जा चुके हैं, जिसमें चेतन शर्मा और हरविंदर सिंह जैसे नाम भी शामिल हैं। हालांकि, कमेटी का हिस्सा रहे दो अन्य सदस्य सुनील जोशी और देवाशिष मोहंती ने फिर से आवेदन नहीं किया है। बीसीसीआई के पांच सदस्यीय चयन समिति का



सदस्य बनने की इच्छा रखने वाले कुछ पूर्व क्रिकेटरों को छोड़कर किसी भी बड़े नाम से आवेदन नहीं मिला है। हालांकि, कल इस बात को लेकर भी चर्चा थी कि पूर्व बल्लेबाज हेमांग बदानी ने भी इस पद के लिए आवेदन दिया है, लेकिन उन्होंने फौरन ट्वीट कर इसका खंडन किया। इस लेकिन अब जो खबरें सामने आ रही है, उसने सेलेक्टर की रेस को और दिलचस्प बना दिया है। दरअसल इंडियन एक्सप्रेस के हवाले से कहा गया है कि सेलेक्शन कमेटी का हिस्सा रहे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज चेतन शर्मा और हरविंदर सिंह ने इस पद के लिए फिर से आवेदन किया है। हालांकि इसकी उम्मीद न के बराबर ही है कि उन्हें फिर से कोई मौका मिले।इस पद के लिए पूर्व खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर आवेदन किया है और कहा ये जा पद के लिए जिन बड़े नामों ने आवेदन किया है, उसमें पूर्व विकेटकीपर नयन मोंगिया, मनिंदर सिंह, शिव सुंदर दास और अजय रात्रा जैसे नाम शामिल हैं। जल्द ही बीसीसीआइ द्वारा इन आवेदकों का इंटरव्यू किया जाएगा। नई सेलेक्शन कमेटी का पहला टास्क 2023 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए टीम चुनना होगा। इसके अलावा 7 या उससे अधिक टेस्ट मैच या 30 फर्स्ट क्लास मैच या 10 वनडे या 20 लिस्ट-ए मैच खेले हों।

# पहले टेस्ट के शुरू होने में हो सकती है देरी, दोनों बोर्ड की सहमति के बाद लिया जाएगा फैसला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 17 साल बाद पाकिस्तान की धरती पर टेस्ट मैच खेलने पहुंची इंग्लैंड टीम को लेकर जैसी खबरें सामने आ रही है वह फैंस के लिए अच्छी नहीं हैं। दरअसल 1 दिसंबर से शुरू हो रहे रावलपिंडी टेस्ट से पहले इंग्लैंड टीम के 14 खिलाड़ी बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वहीं इसी ट्वीट को इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने रीट्वीट किया है। लिखा कि, पहले टेस्ट को लेकर पाक बोर्ड से चर्चा चल रही है। जल्दी ही कोई फैसला लिया जाएगा। 16 में से 14 खिलाड़ियों के बीमार होने पर मैच हो पाने की संभावना पर नहीं हुई है। बुधवार को नेट सत्र के लिए केवल हैरी ब्रूक, जक क्रॉली, कीटन जेनिंग्स, ओली पोप और जो रूट उपस्थित थे। अगर गुरुवार को पहला टेस्ट मैच खेला जा सकते है तो लियाम लिविंगस्टन टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं। वहीं ओपनर बेन डकेट की टीम में



किसी वायरस की चपेट में आ गए हैं। ऐसे में गुरुवार को मैच होगा या नहीं इस पर दोनों बोर्ड अंतिम फैसला लेगें। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ट्वीट कर बताया कि, वायरस की चपेट में आने से इंग्लैंड के खिलाफ बीमार हो गए हैं। उन पर पाक बोर्ड लगातार नजर बनाए हुए है। साथ ही एक दिसंबर को होने वाले पहले टेस्ट को लेकर चर्चा चल रही है। दोनों बोर्ड की सहमति आशंका जताई जा रही है। वहीं इसी ट्वीट को इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने रीट्वीट किया है। लिखा कि, पहले टेस्ट को लेकर पाक बोर्ड से चर्चा चल रही है। जल्दी ही कोई फैसला लिया जाएगा। 16 में से 14 खिलाड़ियों के बीमार होने पर मैच हो पाने की संभावना पर आशंका जत ाई जा रही है।खिलाड़ियों में फूड प्वाइजनिंग और कोरोना वायरस की पुष्टि वापसी हुई है।इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी बुधवार को प्रैक्टिस करने मैदान पर नहीं उतरे। विल जैक और दो रिजर्व स्पिनर रेहान अहमद भी नेट पर नहीं उतरे। इसके अलावा इंग्लैंड का मेडिकल स्टाफ भी वायरस के चलते बीमार हो गए है। इंग्लैंड टीम ने अपने रसोइये को पाकिस्तान दौरे पर लेकर आई है। हालांकि वह भी वायरस की चपेट में आ गया है।

# जादरान की पारी पर भारी पड़ा असलंका का छक्का, श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 4 विकेट से हराया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से ड्रा रही। तीसरे और आखिरी वनडे मैच में गिरने के बाद भी इब्राहिम ने एक छोर संभाले रखा। नजीबुल्लाह (77 रन) के साथ मिलकर टीम को मजबूती दिलाई। दोनों ने तेजी से रन बनाते हुए स्कोर को 300 रन ने डी सिल्वा, शनाका, हसरंगा और निशंका को अपना शिकार बनाया। राशिद ने 37 रन देते हुए चार विकेट चटकाए। वहीं नबी दो विकेट लिए। असलंका ने छक्का लगाकर टीम




श्रीलंका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को 4 विकेट से हराया दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इब्राहिम जादरान के शानदार शतक की बदौलत अफगानिस्तान ने 8 विकेट पर 313 रन का स्कोर बनाया। जवाब में चरिथा असलंका के नाबाद अर्धशतक और कुसल मेंडिस की हाफ सेंचुरी के दम पर श्रीलंका ने जीत हासिल कर ली। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। गुरबाज का जल्दी विकेट तक के करीब लेकर गए। अफगानिस्तान टीम ने अपना तीसरा हाई स्कोर बनाया तो वहीं इब्राहिम ने 165 रनों की शानदार पारी खेली। श्रीलंका की तरफ से रजिथा ने तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम के ओपनरों धीमी मगर ठोस शुरूआत दी। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। नबी और राशिद खान की फिरकी ने समस्याएं पैदा की। विशेष रूप से श्रीलंका के मध्य क्रम बल्लेबाजों को खूब परेशना किया। राशिद खान को जीत दिलाई। 43.1 ओवर के बाद श्रीलंका 249/6 था। ऐसे में असलंका और डुनिथ वेललेज ने शानदार पारी खेली। उन्होंने फारूकी और गुलबदीन नायब के ओवरों में तेजी से रन बटोरे। असलंका ने 72 गेंदों पर नाबाद 83 रनों की शानदार पारी खेली तो वहीं वेललेज ने नाबाद 31 रन बनाए। इस जीत के साथ सीरीज 1-1 से बार हो गई। पहला मैच जहां अफगानिस्तान ने जीता था। वहीं दूसरा मैच बारिश के चलते रद्द हो गया रहा था।

# एक्शन में लौटेंगे किंग कोहली और हिटमैन रोहित


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड दौरे के बाद टीम इंडिया अब बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज खेलने के लिए तैयार है। इस दौरे पर टीम इंडिया पहले 3 मैच की वनडे सीरीज खेलेगी और फिर 2 टेस्ट मैच की सीरीज भी खेलेगी, जिसकी शुरुआत 4 दिसंबर से होगी। न्यूजीलैंड दौरे पर कई सीनियर खिलाड़ियों के बिना खेल रही



टीम इंडिया में बांग्लादेश दौरे पर सीनियर खिलाड़ियों की वापसी हो रही है। कप्तान रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली जैसे खिलाड़ी इस दौरे पर खेलते नजर आएंगे। हालांकि वनडे टीम में हार्दिक पांड्या मौजूद नहीं रहेंगे। भारत के बांग्लादेश दौरे की बात करें तो इसका प्रसारण अधिकार सोनी नेटवर्क के पास है।



# राशिफल



**मेष-**:आज आपका दिन सुखद रहेगा. आप जिस भी काम को पूरा करना चाहते हैं, वह काम पूरा हो जाएगा। किसी पुराने मित्र से मिलने उनके घर जा सकते हैं।

**वृष-**:स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है. अभ्यास में सफलता मिलेगी और उन्नति का नया मौका मिलेगा। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा।

**मिथुन-**:आज आपका पूरा जोर पारिवारिक और घरेलू जिम्मेदारियों पर रहेगा. परिवार में अधिक समय बिताएंगे और घर की जरूरतों को समझकर उन पर खर्च करेंगे।

**कर्क-**:आज आपका दिन ठीक रहेगा. ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए पिछली कंपनी का अनुभव काम आ सकता है। किसी भी नए व्यापार में पैसा लगाने से आपको बचना चाहिए।

**सिंह-**:आज के दिन किसी स्त्री संबंधी के कारण आपको तनाव हो सकता है. हनुमान चालीसा का पाठ करने से आपके जीवन के सभी संकट दूर होंगे और परिवार में चारों तरफ से खुशहाली आएगी।

**कन्या-**:आज परेशानियों से निजात मिलेगी. मानसिक परेशानियां खत्म होंगी और आज कुछ बड़े मामलों का फैसला होगा। इससे आपकी योजनाओं को गति मिलेगी।

**तुला-**: दिन की शुरुआत नाजुक रहेगी, इसलिए शुरुआत में कोई बड़ा काम न करें. लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

**वृश्चिक-**:आज आपका दिन सामान्य रहेगा. आपका मन सामाजिक कार्यों की ओर हो सकता है। साथ ही पड़ोसियों के बीच आपके किसी पुराने काम की तारीफ हो सकती है।

**धनु-**:आज पारिवारिक जिम्मेदारियों में वृद्धि होगी. जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विस्तार और नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना है।

**मकर-**:आज का दिन आपको काफी व्यस्त रखेगा. अचानक कोई अटका हुआ काम बनेगा और कोई चलता हुआ काम रुक सकता है जिससे आप न तो ज्यादा खुश होंगे और न ही ज्यादा दुखी।

**कुंभ-**:आज आपके मन में नए विचार आ सकते हैं. किसी काम को लेकर आप कोई नई योजना भी बना सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है।

**मीन-**:आज परिवार में अप्रसन्नता के कारण घर का वातावरण प्रदूषित रहेगा. आत्मसंतुष्ट बनो। क्रोध की अधिकता से बचें। नौकरी में अधिकारियों से अनबन हो सकती है।






# रुतुराज गायकवाड़ बोले, फिर कभी हमारी टीम को कम मत समझना


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अहमदाबाद।** आज के युग में क्रिकेट देखते समय कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि मोमेंटम शब्द का ज्यादा इस्तेमाल हो गया है। कमेंटेटर हो, कप्तान हो या समाचार लेख लिखने वाला पत्रकार... जब कोई विश्लेषण साझा करने की बात मोमेंटम उनके साथ है। रितुराज गायकवाड ने सेमीफाइनल में जीत के बाद अपनी बल्लेबाजी के अलावा यह भी बताया कि टीम सफलता की कितनी भूखी है और टीम की सफलता के पीछे क्या राज है। हैरानी की बात यह है कि पूरी बातचीत में कहीं भी मोमेंटम शब्द



आती है या कोई नजरिया आता है तो गति के बिना पूरा विषय अधूरा सा लगता है. महाराष्ट्र के कप्तान रितुराज गायकवाड़ ने आज नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ग्राउंड-बी में 126 गेंदों पर 18 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 168 रन बनाए। टीम के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए असम को महाराष्ट्र ने एक रोमांचक मुकाबले में 12 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। महाराष्ट्र की टीम पहली बार विजय हजारे के फाइनल में पहुंची है। महाराष्ट्र टीम ने इस सीजन में एक भी मैच नहीं गंवाया है, इसलिए का इस्तेमाल नहीं हुआ है, जिसका मतलब है कि यह बातचीत आपको फ्रेश लगेगी। अंश उनसे बातचीत पर आधारित है।रितुराज ने बताया कि क्वार्टर फाइनल में 200 रन की पारी ज्यादा खास थी क्योंकि सेमीफाइनल के मुकाबले इस पिच पर खेलना मुश्किल था। सुबह गेंद को सीम किया जा रहा था। हमने नियमित अंतराल पर विकेट भी गंवाए इसलिए उस मैच में खेली गई पारी ज्यादा खास थी। रितुराज ने आगे कहा, हालांकि असम के खिलाफ आज की शतकीय पारी भी काफी अहम थी। रितुराज ने आगे कहा कि जोन में रहने का मतलब मेरे लिए फोकस्ड होना है। आप जानते हैं कि कब क्या शॉट खेलना है। स्थिति के अनुकूल खेलना ही मेरे लिए जोन में होना है।रितुराज ने कहा कि कभी-कभी मैं समझता हूं और गेंदबाजों का पक्ष लेता हूं। एक बल्लेबाज के तौर पर मैं जानता हूं कि नॉकआउट में यूपी हो या असम, इन दिनों गेंदबाज के रूप में गलती की गुंजाइश बहुत कम है। मैं सिर्फ अपने गेंदबाजों को शांत रखने की कोशिश करता हूं। उन्होंने आगे बताया कि एक बल्लेबाज की पारी एक गेंद में समाप्त हो सकती है। एक गलत शॉट और आउट। लेकिन गेंदबाजों के पास वापसी करने के लिए 60 गेंदें हैं। मेरे लिए उनका समर्थन करना बहुत जरूरी है। कई बार यह ख्याल आता है कि 350 रन हो गए हैं, डिफेंड कर लेना चाहिए, लेकिन ये मानना ??जरूरी है कि वक्त बदल गया है। 350 अब नया 300 हो गया है।रितुराज ने टीम के माहौल को लेकर बताया कि सैयद मुश्ताक अली में है यानी 20 ओवर के मैच में हम कर्नाटक के खिलाफ 120 रन के अंतर से हार गए। उसके बाद सभी ने हमें कम आंका। टीम के पास पॉजीटिव वाइब्स नहीं थे। हम अगला मैच भी हारे। मुझे लगा कि इस समूह में बहुत प्रतिभा और क्षमता है, लेकिन जो कमी थी वह केवल आत्मविश्वास की कमी थी। रितुराज ने कहा कि । मुश्ताक अली में हमारी टीम क्वालीफाई नहीं कर पाई, जिससे हमे काफी दुख हुआ।उन्होंने आगे कहा कि मुश्ताक अली के बाद हमने फैसला किया, हमें कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने की जरूरत है। हमने 8 दिन का कैंप लगाया था। जहां सभी को सुबह 6:45 बजे ट्रेनिंग शुरू करनी है और शाम 5:30 बजे ही कैंप छोड़ना है। सुबह 6:45 बजे निकलने के लिए सभी को सुबह 5:30-6 बजे अपने घर से निकलना होता है। इसके लिए हमारे चयनकर्ता भी खुद रोज सुबह मैदान में पहुंचते थे। रितुराज ने कहा कि विजय हजारे में यह मेरा छठा सीजन है। इससे पहले हर टूर्नामेंट में हमारा लक्ष्य 6 में से 3-4 मैच जीतना था। इस साल हमने फैसला किया कि हमें हर मैच जीतना है। हर मैच को फाइनल की तरह खेलना होता है। यह निर्णय लेने के बाद सभी की मानसिकता बदल गई। फाइनल में परिणाम जो भी हो, एक कप्तान- एक नेता और एक व्यक्ति के रूप में मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हम एक टीम के रूप में कितनी दूर आ गए हैं। उन्होंने कहा,'सच कहूं तो महाराष्ट्र में ज्यादातर लोगों ने हमें एक टीम के तौर पर रेट नहीं किया। हम जहां भी गए प्यार कहीं नहीं मिला। मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट हमारे बारे में सभी का नजरिया बदल देगा। यह सिर्फ एक यात्रा की शुरुआत है, यह एक युवा टीम है। यह टीम अगले 5 साल तक साथ रहेगी और मैं गारंटी दे सकता हूं कि हम इससे भी ज्यादा हासिल करेंगे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ लेबुस्चगने ने जड़ा शतक पहले दिन आस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर बनाए 293 रन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में मार्नस लेबुस्चगने की नाबाद 154 रनों की शानदार पारी खेली। जबकि उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ ने 50 रनों की पारी खेली।



ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को पर्थ स्टेडियम में पहले दिन का खेल दो विकेट के नुकसान पर 293 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेबुस्चगने और ख्वाजा के बीच 142 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। डेविड वार्नर 5 रन बनाकर आउट हो गए। लेबुस्चगने को मैच में दो मौके मिले। एक बार 75 और दूसरी बार 137 के निजी स्कोर पर जीवन दान मिला। लेबुस्चगने ने अपने 29वें टेस्ट में करियर का 8वां शतक लगाया। 59 रन बनाकर स्मिथ नाबाद रहे। वेस्टइंडीज 25 सालों में ऑस्ट्रेलिया में एक भी जीत पाने में असफल रहा है।वेस्टइंडीज ने पहले सत्र में किफायती गेंदबाजी की। लंच के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 72 रन था। लंच के बाद लेबुस्चगने ने तेजी से रन बनाने शुरू कर दिए। उस्मान ख्वाजा ने 52वें टेस्ट मैच में अपना 18वां अर्धशतक पूरा किया। ख्वाजा ने चार टेस्ट शतक बनाए हैं। ख्वाजा को मेयर्स ने आउट किया। स्मिथ ने अपने चिरपरिचित अंदाज में बैटिंग की। स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 37वां अर्धशतक लगाया। अगर वह इस में मैच में शतक लगते हैं तो स्मिथ, ब्रैडमैन के 29 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

# इब्राहिम जादरान ने श्रीलंका के खिलाफ लगाया ऐतिहासिक शतक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में 162 रनों की पारी खेलकर इस प्रारूप में अपने देश के किसी खिलाड़ी



द्वारा सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जादरान ने 162 रन की शानदार पारी में महज 138 गेंदों का सामना किया और इसमें 15 चौके और चार छक्के शामिल थे। सलामी बल्लेबाज ने 39वें ओवर में अपना शतक पूरा किया और अगली 38 गेंदों पर 58 रन बनाकर 100 गेंदों पर शतक पूरा किया। जादरान ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ मोहम्मद शहजाद के नाबाद 131 रन को पछाड़ते हुए एकदिवसीय मैचों में अफगानिस्तान के खिलाड़ी द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा।जादरान से पहले मोहम्मद शहजाद ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 131 और भारत के खिलाफ 124 रनों की शतकीय पारी खेली है। वहीं नवरोज मंगल ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 129 रन बनाए थे। रहमानुल्लाह गुरबाज ने आयरलैंड के खिलाफ 127 रनों की पारी खेली थी। जादरान ने इससे पहले आठ एकदिवसीय पारियों में तीन शतक लगाए हैं। वनडे में अफगानिस्तान के संयुक्त-तीसरे सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ी हैं। जादरान ने 8 एकदिवसीय मैचों में बल्ले से 61.85 की औसत से 433 रन बनाए हैं और अपने प्रत्येक पचास से अधिक स्कोर को शतक में तब्दील करने में सफल हुए हैं। जादरान ने पिछले 5 वनडे मैच में से तीन वनडे में शतक लगाए हैं। श्रीलंका में खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच अफगानिस्तान ने जीता। इस जीत के ही साथ अफगानिस्तान अगले साल भारत में होने वाले आइसीसी एकदिवसीय विश्वकप के लिए क्वालिफाई कर लिया।

## सम्पादकीय

# राहुल के इस प्रयास से अब तक क्या हासिल

राहुल की यात्रा अभी भावुकता के दौर में है। असली चुनौतियां तो उसके बाद शुरू होंगी। राहुल ने जिम्मेदारी उठाने की तैयारी दिखाई है, निभाएंगे कैसे, इस सवाल का जवाब तो बाद में मिलेगा। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की बहुचर्चित 'भारत जोड़ो यात्रा' आधी से ज्यादा पूरी हो चुकी है। राहुल अब मध्यप्रदेश से राजस्थान की सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। इस कुल 3 हजार 570 किमी लंबी पैदल यात्रा में से राहुल और उनके सहयात्री 2 हजार किमी से ज्यादा भारत नाप चुके हैं। जिन 13 राज्यों से यह यात्रा गुजर रही है और गुजरेगी, उनमें से 9 राज्य पूरे हो चुके हैं। इस दौरान लोगों ने राहुल की अब तक बना दी गई 'पप्पू' छवि से हटकर उनमें एक नए राहुल को देखने और समझने की कोशिश की है। खुद राहुल ने भी देश के सर्वाधिक प्रभावशाली राजनीतिक परिवार के 'मनमौजी बेटे' से हटकर एक अलग राहुल गांधी के रूप में जनता से संवाद करने की कोशिश की है और इस बात को उनके घोर-विरोधी भी मानने लगे हैं। यही तत्व देश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी की चिंता का सबब भी है। यहां असल सवाल यह है कि अब तक सुचारू रूप से सम्पन्न इस यात्रा से राहुल गांधी को क्या हासिल हुआ, उन्होंने अपनी स्थापित छवि को बदलने में कितनी कामयाबी पाई और सबसे अहम सवाल कि उनकी पार्टी कांग्रेस के प्रति जनविश्वास किस हद तक लौटा है या लौटेगा या फिर यह यात्रा भी महज राहुल गांधी की इमेज बिल्डिंग प्रोजेक्ट बनकर रह जाएगी बेशक, इन सवालों के जवाब इतनी जल्दी नहीं मिलेंगे, लेकिन कुछ संकेत जरूर मिल रहे हैं, जो एक परिपक्व राजनेता राहुल गांधी को तराशने के लिहाज से अहम हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी का राजनीति में प्रवेश अपने पिता की तरह अकस्मात नहीं था, लेकिन बतौर सक्रिय राजनीतिज्ञ अपने 18 साल से राजनीतिक कॅरियर में राहुल ज्यादातर समय एक युवा, ईमानदार लेकिन अंगभीर राजनेता के रूप में ही जाने जाते रहे हैं। उनके क्रियाकलापों से यह संदेश बार-बार जा रहा था कि राजनीति तो दूर किसी भी काम के प्रति उनमें कोई संकल्पबद्धता और निरतंरता का अभाव है। राजनीति 'स्वांतः सुखाय' की जपमाला नहीं राजनीतिक परिवार का वारिस होने के बाद भी वो राजनीति भी मजबूरी या विरासती दबाव के कारण कर रहे हैं। भलामानुस होना निजी तौर पर अच्छी बात है, लेकिन राजनीतिज्ञ बनने के लिए साम, दाम, दंड, भेद की निपुणता भी उतनी ही मायने रखती है। जो यह सब करने का इच्छुक नहीं है, उसे कम से कम सियासत या किसी राजनीतिक तंत्र का नेतृत्व नहीं करना चाहिए, क्योंकि राजनीति केवल 'स्वांतः सुखाय' की जपमाला नहीं है। नेता के सुखों, विजन, साहस, निर्णय क्षमता और दूरदृष्टि में करोड़ो लोगों भाग्य भी निहित होता है। राहुल गांधी अब तक अपेक्षाओं के पहाड़ की तलहटी पर ही टहलते नजर आते थे। जब देश में राजनीतिक घटनाक्रम अपने उरूज पर होता, वो विदेशों में छुट्टियां मनाने चल पड़ते। यूपीए-2 सरकार के समय प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह सरकार द्वारा प्रस्तावित दागी नेताओं और विधायकों को बचाने वाला अध्यादेश सार्वजनिक रूप से फाड़ना राहुल की अगंभीरता की पराकाष्ठा थी। इस घटनाक्रम से आहत बेचारे तत्कालीन प्रधानमंत्री इस्तीफा देने का साहस भी नहीं जुटा सके थे, जबकि अध्यादेश राहुल गांधी की जानकारी के बगैर जारी हुआ होगा, इस पर कोई भरोसा नहीं करेगा। राहुल अगर उस अध्यादेश से अहसमत थे तो उसे पहले ही रुकवा सकते थे। लेकिन उन्होंने अपनी ही सरकार को शर्मसार करने का तरीका चुना। इसके अलावा राहुल की राजनीतिक, सामाजिक और सामान्य ज्ञान की समझ पर भी तंज होते रहे हैं। उनकी भाषण शैली भी ऐसी है कि वो वहां पॉज देते हैं, जहां उन्हें धारावाहिक बोलना चाहिए। गलत जगह पॉज से कई बार अर्थ का अनर्थ या बात की गलत व्याख्या होने की पूरी गुंजाइश होती है। भाजपा के प्रचार तंत्र के लिए यह हमेशा दमदार ईंधन ही साबित हुआ है। इन क्रिया कलापों से आम जनता में यात्रा का जगह- जगह स्वागत होता, बाबा के भाषण होते। भारत को जोड़े रखने की कमसें खाई जातीं। जब तक यात्रा चली, उसकी चर्चा रही। बाद में मुद्दे और राजनीति ही बदल गई। तमिल आंतकवाद ने राजीव गांधी की जान ले ली तो पंजाब में आतंकवाद समाप्त होने में 11 साल लग गए। फिर भी बाबा आमटे की यात्रा को इतना श्रेय जरूर मिला कि उन्होंने टूटे मनों को जोड़ने के लिए एक भागीरथी कोशिश तो की।

# अमृत महोत्सव में पर्यावरण भी सुधरे, विश्व के पांच सर्वाधिक प्रदूषित देशों में भारत

देश के 200 शहरों में वायु-प्रदूषण निर्धारित स्तर से अधिक है एवं 50 शहरों की हालत ज्यादा खराब है। देश के 88 में से 75 औद्योगिक क्षेत्र भी ज्यादा प्रदूषित हैं। 'पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक' में हमारा देश वर्ष 2022 में अंतिम स्थान 180 पर बताया गया। देश में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 75 सप्ताह का 'अमृत महोत्सव' मनाया जा रहा है। लेकिन आजादी के बाद की पर्यावरण की स्थिति की चर्चा लगभग नगण्य रही या कहें कि 'अमृत महोत्सव' में पर्यावरण के हालात उपेक्षित ही रहे।



व्यापक रूप से देखा जाए तो पर्यावरण के सभी भाग - हवा, पानी, भूमि, जंगल एवं जैव-विविधता पर इन 75 वर्षों में काफी विपरीत प्रभाव हुआ है। सभी जीवों के जीने के लिए आवश्यक हवा में इतना प्रदूषण फैला कि वर्ष 2020 में हमारा देश विश्व के पांच सर्वाधिक प्रदूषित देशों में शामिल हो गया। स्विट्जरलेंड की फर्म 'एक्यू एअर' की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में 63 हमारे देश के रहे। मुरादाबाद, कोलकाता, दिल्ली, आसनसोल व जयपुर ज्यादा प्रदूषित बताए गए। 'क्लाइमेट ट्रेंड' की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश की 99.4 प्रतिशत आबादी प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर है। पिछले 20 वर्षों में (1990 से 2019) वायु-प्रदूषण में 115 प्रतिशत की वृद्धि का आकलन किया गया है। देश के 200 शहरों में वायु-प्रदूषण निर्धारित स्तर से अधिक है एवं

50 शहरों की हालत ज्यादा खराब है। देश के 88 में से 75 औद्योगिक क्षेत्र भी ज्यादा प्रदूषित हैं। 'पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक' में हमारा देश वर्ष 2022 में अंतिम स्थान 180 पर बताया गया, जबकि वर्ष 2020 में यह 168वें स्थान पर था। यह अध्ययन 'येल' व 'कोलंबिया विश्वविद्यालय' तथा 'अर्थ इंस्टीट्यूट' द्वारा किया गया था। इस वर्ष के प्रारंभ में जारी 'एअर-क्वालिटी-लाइफ-इंडेक्स रिपोर्ट' के अनुसार, देश में ऐसी एक भी जगह नहीं है, जो 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' के वायु-प्रदूषण के मानकों पर खरी उतरे। वायु-प्रदूषण के प्रभाव से भारतीयों की औसत उम्र भी लगभग 10 वर्ष घट रही है।दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद विश्व के अधिक ध्वनि-प्रदूषण वाले शहरों में शामिल हैं। उत्तर प्रदेश का मुरादाबाद दुनिया का दूसरा सबसे अधिक शोर वाला शहर बताया गया है। जीवन देने वाला जल भी जानलेवा हो गया है। 'नीति आयोग' के 'जल प्रबंधन सूचकांक' (2018) के अनुसार देश का 70 प्रतिशत पानी पीने योग्य नहीं है एवं 60 करोड़ लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल' के अनुसार, देश की 521 नदियों में से 351 काफी प्रदूषित हैं। 'राष्ट्रीय-स्वच्छ-गंगा-मिशन' की हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 97 स्थानों पर जहां गंगाजल की गुणवत्ता का अध्ययन किया गया, वहां का पानी आचमन लायक भी नहीं है। देश की कई बारहमासी या सदानीरा नदियां मौसमी बन गई हैं।भूजल का दोहन चीन एवं अमेरिका से ज्यादा हो रहा है एवं पिछले कुछ वर्षों में यह 115 गुना बढ़ा है। देश के 360 जिलों के भूजल में नाइट्रेट, क्लोराइड एवं आर्सेनिक की मात्रा बढ़ी है। पिछले वर्षों में वनों में आग लगने की घटनाएं भी काफी बढ़ी हैं। देश के ज्यादातर शहरों के आसपास कचरे के पहाड़ बनते जा रहे हैं। एक आकलन के अनुसार, शहरों में रोजाना 1.5 लाख टन कचरा पैदा होता है, परंतु उचित निपटान केवल 65 प्रतिशत का ही हो पाता है। देश की जलवायु एवं मौसम में अहम भूमिका निभाने वाली पर्वत-मालाएं एवं समुद्री तट भी संकटग्रस्त हैं। पिछले 75 वर्षों में देश में पर्यावरण से जुड़े कई नियम-कानून लागू किए गए, अलग से 'राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण' (एनजीटी) का गठन भी किया गया, परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं था। 'एनजीटी' ने कुछ प्रकरणों में जुर्माना लगाया एवं कई स्थानों पर उसके निर्देशों का पालन भी नहीं किया गया। देश में सौर व पवन ऊर्जा का उपयोग जरूर बढ़ा है। अब ऐसे प्रयास किए जाएं कि आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उत्सव में हमारे जल-स्रोत साफ-सुथरे हों, शहरों व गांवों की हवा शुद्ध हो, शोर कम हो, कचरे के पहाड़ न बनें, पर्वत-मालाएं हरी-भरी हों, वन क्षेत्र का विस्तार एवं समुद्री तटों का सिकुड़ना समाप्त हो, जैव-विविधता बरकरार रहे एवं उसका विस्तार हो।

# कुछ सवाल, जिनके उत्तर अब भी बाकी हैं

सरकारी आकड़ों में 3700 से अधिक मौतें और गैर सरकारी आकड़े के हिसाब से 8000-10000 तक मौत इस हादसे में बताई जाती है। लगभग 5 लाख लोगों पर इस ज़हरीली गैस का आंशिक या अधिक प्रभाव रहा। इतनी बड़ी तबाही के बाद भी सरकार की तरफ से कोई कार्यवाही का न होना कई सवाल खड़े करता है। 2- 3 दिसंबर 1984 को विश्व समुदाय हमेशा याद रखेगा। विश्व की भीषणतम मानवीय त्रासदी को गुज़रे 38 साल हो गए हैं, परन्तु कुछ सवाल आज भी ज्यों के त्यों खड़े हैं जिनका उत्तर बाकी है।सबसे पहला सवाल तो यह है कि प्रदेश की राजधानी के छोला रोड क्षेत्र के पास यूनियन कार्बाइड कंपनी को अपना प्लांट स्थापित करने की अनुमति क्यों दी गई? इस तरह की इकाइयों की स्थापना अमेरिका यूरोप के देशों में मिलना आसान नहीं है।1962 में स्थापित रसायनिक खाद बनाने वाली इस यूनियन कार्बाइड कंपनी में सेविन मिथाइल आइसोसाइनाइड बनाना प्रारम्भ कर दिया था जिसकी नियमित निगरानी कोई सरकारी गैर सरकारी एजेंसी नहीं कर रही थी। काश एहतियातन उपाय किए जाते 1984 में भोपाल शहर की आबादी लगभग 9 लाख रही इतनी बड़ी आबादी वाले शहर में बिना देखरेख के इस प्रकार का घातक रसायन बनाने का काम कई प्रश्न खड़े करता है। 1984 के हादसे के लगभग 3 वर्ष पहले एक मज़दूर की मौत भी हुई थी उस समय प्रबंधन यदि कोई एहतियात उपाय कर लेता तो इस त्रासदी से बचा जा सकता था। समय समय पर मज़दूरों की शिकायत करने पर कंपनी ने ट्रेड यूनियन के नेताओं को नौकरी से हटाना प्रारम्भ कर दिया। 1984 के हादसे के पहले यूनियन कार्बाइड प्लांट की ख़बरों की भनक स्थानीय पत्रकार राजकुमार केसवानी तक पहुंची उन्होंने अपने साप्ताहिक समाचार पत्र ठरपटठ में 26 सितम्बर 1982 को एक लेख लिखा जिसका शीर्षक था ठबचाइए हुज़ूर अपने शहर को बचाइयेठ 1 अक्टूबर को उन्होंने पुनः लिखा ज्वालामुखी के मुहाने पर बैठा भोपाल एवं 8 अक्टूबर को लिखा ठन समझे तो मिट ही जाओगे। प्रेस की इस चेतावनी के बाद भी प्रशासन और शासन की तरफ से कुछ न करना कई सवाल पैदा करता है। शहर से सटे इस औद्योगिक प्लांट के टैंक ई-610-ई 611 और ई-619 की बराबर निगरानी विशेषज्ञों द्वारा न होने के कारण ही यह हादसा सामने आया। परिणाम स्वरूप 2 और 3 दिसम्बर की रात में जो कुछ हुआ वह आज भी इंसानी संवेदनाओं को तार तार कर रहा है। किसी खतरे पर लोगों को आगाह करने के लिए 2 अलार्म थे जो चालू नहीं थे। कुल मिलाकर बचाव और चेतावनी के सारे विकल्प बंद थे। कंपनी का प्रशासन तंत्र के संज्ञान में ये सारी बातें थी। इंडीकेटर अलार्म यदि चालू रहता तो हादसे की भयावहता का यह विकराल स्वरूप नहीं होता। परिणामतः 2-3 दिसंबर को भोपाल की हवा में टनों जहरीली गैस फ़ैल गई। 1984 में 3 दिसंबर की सुबह होते-होते भोपाल की दो प्रमुख अस्पतालों में लगभग 50 हज़ार लोग आ चुके थे। इतनी बड़ी संख्या में इलाज और देखरेख की स्थिति में तत्कालीन अस्पताल तंत्र नहीं था। इस कारण लोगों की मृत्यु होने लगी। 3 दिसंबर की सुबह तक 500 से 1000 व्यक्तियों के शव अस्पताल से श्मशान और कब्रिस्तान ले जाए गए। सबसे बड़ा सवाल जिसका रहस्य आज भी बरकरार है, वह है- भोपाल गैस हादसे के मुख्य आरोपी वारेन एंडरसन की गिरफ्तारी और रिहाई का जो आज भी रहस्य बना हुआ है। सरकारी आकड़ों में 3700 से अधिक मौतें और गैर सरकारी आकड़े के हिसाब से 8000 से लेकर 10000 तक मौत इस हादसे में बताई जाती है। लगभग 5 लाख लोगों पर इस ज़हरीली गैस का आंशिक या अधिक प्रभाव रहा। 1984 के समय लगभग 9 लाख की आबादी में से लगभग आधी आबादी इससे प्रभावित हुई। इतनी बड़ी तबाही के बाद भी सरकार की तरफ से कोई कार्यवाही का न होना कई सवाल खड़े करता है। 3 दिसंबर 1984 को जनता द्वारा धरना प्रदर्शन उपरान्त भोपाल के हनुमान गंज थाना में प्रकरण दर्ज होता है। एंडरसन के साथ सरकार का क्या व्यहवार था, इसे डॉन कर्ज मैन की लिखी किताब में पढ़ा जा सकता है।डॉन कर्ज मैन लिखते हैं कि एंडर्सन अपने सहयोगियों के साथ 7 दिसंबर 1984 को इंडियन एयरलाइन्स के विमान से भोपाल हवाई अड्डे प्रातः पहुंचता है। हवाई अड्डे पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक स्वराज्यपुरी और कलेक्टर भोपाल मोतीसिंह अपने साथ यूनियन कार्बाइड के गेस्ट हॉउस में जाते हैं और एंडरसन को हिरासत में लिए जाने की जानकारी देते हैं। 7 दिसंबर को ही 3:30 पर उसे बताया जाता है कि 'हमने आपको भोपाल से दिल्ली ले जाने के लिए राज्य सरकार के विशेष विमान की व्यवस्था की है। वहां से आप अमेरिका लौट सकते है। हज़ारों इंसान का कातिल अमेरिका चला गया फिर कभी दोबारा वह भोपाल और भारत नहीं आया। इस सवाल का जवाब आज भी सरकार के पास और सरकारी एजेंसियों के पास नहीं है। 29 सितम्बर 2014 में फ्लोरिडा के एक नर्सिंग होम में एंडर्सन की मौत हो गई। हादसे के 30 वर्ष बाद मृत्यु तक वह कातिल कानून की गिरफ्त से बाहर रहा।भोपाल गैस हादसे के बाद मृतकों के बचे रिश्तेदार और उनके परिचितों की तरफ से एक आवाज़ सामाजिक कार्यकर्त्ता अब्दुल जब्बार रहे। 14 नवंबर 2019 को इनका निधन हुआ। मृत्यु पूर्व तक अब्दुल जब्बार हादसे से प्रभावित व्यक्तियों के हक़ की आवाज़ के लिए जाने जाते थे। भारत सरकार ने उनके प्रयासों को पद्मश्री देकर सम्मानित किया। भोपाल गैस त्रासदी के 38 साल बाद भी कुछ सवाल बाकी हैं जिनके उत्तर अप्राप्त है।



# घाटी में भरोसे की दरकार, सेना के बयान से बौखलाया पाकिस्तान

नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है, इसका कारण है कि पाकिस्तान भारतीय सेना की बढ़ती क्षमताओं से वाकिफ है। भारत इस बात पर अडिग है कि जब तक पाकिस्तान 26/11 के हमलावरों पर कार्रवाई नहीं करता, तब तक वह उससे बात नहीं करेगा। हाल ही में उत्तरी सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, 'लगभग 300 आतंकवादी जम्मू-कश्मीर के आसपास मौजूद हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वे कोई कार्रवाई करने में सक्षम न हों।' उन्होंने आगे कहा कि 'हमारे आंकड़ों के अनुसार, 82 पाकिस्तानी आतंकवादी और 53 स्थानीय आतंकवादी भीतरी इलाकों में सक्रिय हैं, जबकि चिंता का विषय 170 अन्य की आपराधिक गतिविधियां हैं, जिनकी पहचान नहीं हो पाई है।' द्विवेदी ने कहा कि लगभग 170 हाइब्रिड आतंकवादी थे। उन्होंने खुफिया जानकारी भी साझा की कि संभवतः 160 आतंकवादी आतंकी शिविरों में, 130 आतंकी उत्तरी पीर पंजाल (कश्मीर घाटी) में और 30 उसके दक्षिण में मौजूद हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान इस क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान ने उनके बयान का जवाब देते हुए अपनी संलिप्तता से इनकार किया। उसके डीजी, आईएसपीआर (जनसंपर्क विभाग) ने कहा कि तथाकथित लॉन्च-पैड और आतंकियों के बारे में झूठे बयान और निराधार आरोप भारतीय सेना द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान हटाने का एक प्रयास है। साफ है कि पाकिस्तान जनरल द्विवेदी के बयान से बौखलाया हुआ है और वह जानता है कि भारत उसके लॉन्च-पैड्स पर कड़ी नजर रख रहा है। एक अन्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में जम्मू और कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि जहां तक आतंकवाद की स्थिति का सवाल है, सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या घटकर दहाई अंकों तक रह गई है। उन्होंने कहा कि इस समय उत्तर कश्मीर पूरी तरह शांत है और अब आतंकवाद का प्रभाव कम है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि नशीले पदार्थों का संकट एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है, क्योंकि नशीले पदार्थों से पैदा धन आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित कर रहा है। हाल के दिनों में भारतीय सुरक्षा एजेंसियां नियमित अंतराल पर पाकिस्तानी ड्रोन को मारकर गिरा रही हैं। ज्यादातर ड्रोन आईईडी, पिस्तौल और ड्रग लाते हैं। यह क्षेत्र हाइब्रिड आतंकवादियों के बढ़ते खतरे का सामना कर रहा है। सकारात्मक खुफिया सूचनाओं ने स्थानीय पुलिस को हाइब्रिड आतंकवादियों पर नकेल कसने में सक्षम बनाया है। इसके विपरीत, कश्मीरी राजनेता दावा करते रहे हैं कि हाइब्रिड आतंकवादियों के नाम पर निर्दोष लोगों को मारा जा रहा है। फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती लगातार कहते रहे हैं कि कश्मीर मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने के लिए सरकार को पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। फारूक ने तो यहां तक कहा कि भारत को उनसे बात करने के लिए जी-20 की अपनी अध्यक्षता का फायदा उठाना चाहिए। जब पुलवामा हमला हुआ था, उस समय पाकिस्तान के नवनियुक्त सैन्य प्रमुख जनरल असीम मुनीर आईएसआई के महानिदेशक थे। वह भारतीय प्रतिशोध के गवाह हैं। पाकिस्तान अच्छी तरह जानता है कि अगर उसने बड़े हमले की कोशिश की, तो भारत सैन्य तरीके से जवाबी कार्रवाई करेगा। नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है, इसका कारण है कि पाकिस्तान भारतीय सेना की बढ़ती क्षमताओं से वाकिफ है। भारत इस बात पर अडिग है कि जब तक पाकिस्तान 26/11 के हमलावरों पर कार्रवाई नहीं करता, तब तक वह उससे बात नहीं करेगा। यह आत्मविश्वास कश्मीर की स्थिरता से उपजा है। अंतिम मतदाता सूची के साथ जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए कमर कसता प्रतीत होता है। पाकिस्तान को लगातार चीन से संरक्षण मिल रहा है। हालांकि घाटी में आतंकी गुटों की धमकियां जारी हैं, जिससे भय एवं आतंक पैदा हो रहा है। हाल ही में एक स्थानीय आतंकी गुट टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) से 20 से अधिक पत्रकारों को जान से मारने की धमकी मिली, जिसके चलते कई छिप गए, कुछ ने इस्तीफा दे दिया और घाटी छोड़कर चले गए। इससे पता चलता है कि स्थानीय लोगों को हाइब्रिड आतंकियों का खात्मा करने वाले सुरक्षा बलों पर भरोसा नहीं है। पुलिस ने कहा कि ये धमकियां स्थानीय जानकारी के साथ पाकिस्तान से जारी की गई थीं। हालांकि समग्रता में स्थिति सामान्य प्रतीत होती है और पर्यटन बढ़ रहा है, लेकिन गैर-स्थानीय श्रमिकों और कश्मीरी पंडितों की बेतरतीब हत्या भय का माहौल पैदा करती है। ऐसी संभावना नहीं है कि सुरक्षा बलों के तमाम प्रयासों के बावजूद हाइब्रिड खतरा निकट भविष्य में कम हो जाएगा। इसका राजनीतिक दोहन होता रहेगा। हर हत्या के बाद घाटी में कार्यरत कश्मीरी पंडित जम्मू स्थानांतरण की मांग दोहराते हैं। जिन जगहों पर उन्हें निशाना बनाया गया, वहां से वे पलायन भी कर रहे हैं। सरकार कश्मीर में स्थिति सामान्य दिखाने की जी-तोड़ कोशिश कर रही है, लेकिन क्षेत्रीय राजनीतिक दल, आतंकी गुट एवं पाकिस्तान इसे झुठलाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तविकता इन दोनों स्थितियों के बीच में है। लंबे समय से बंद, सुनियोजित हिंसा या विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ है। भाजपा के, जो कभी कश्मीर में अपनी पहचान नहीं बना पाई, अब घाटी में काफी अनुयायी हैं। बाजार बंद और स्वघोषित कर्फ्यू अब इतिहास की बात हो गया है। हुर्रियत का दबदबा खत्म हो गया है। आतंकियों को अब आदर्श नहीं माना जाता। आतंकवाद को हवा देने वाले हवाला फंड की आमद रोक दी गई है। सरकार को कश्मीर में जी-20 की बैठक करने का भरोसा है। कश्मीरी पंडितों के साथ स्थानीय लोगों में भी डर दिखाई देता है। विकास तो दिखाई देता है, लेकिन शासन और सुरक्षा बलों पर लोगों का विश्वास कम है। ऐसा लगता है कि आम कश्मीरी दोनों पक्षों के दबाव का सामना करते हुए आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच फंस गया है। बदनामी के डर से लोग बात करने को तैयार नहीं हैं। नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा है, जिससे कई युवा इस लत को पूरा करने के लिए बंदूक उठा रहे हैं। मौन रहना और अपने काम से काम रखना अस्तित्व का आदर्श बन गया है। लोगों का भरोसा लौटाने के लिए बयानबाजी से ज्यादा करने की जरूरत है। इसके लिए सरकार में विश्वास, खतरों से सुरक्षा और समझदार नौकरशाही की जरूरत है। जब तक स्थानीय अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों की पहुंच नहीं होगी, यह भय गायब नहीं होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक स्कूल में हुए हमले की अमेरिकी ने की निंदा

**काबुल।** अमेरिका ने अफगानिस्तान के समांगन में हुए विस्फोट की निंदा की है और कहा है कि अफगानी बच्चों को बिना किसी डर के स्कूल जाने का अधिकार है। अफगानिस्तान के समांगन में हुए हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है और करीब



24 लोग घायल हो गए हैं। अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि ने कहा कि समांगन से दुखद खबर सामने आई है। एक धार्मिक स्कूल पर हुए हमले में कई लोग मारे गए हैं और कई लोग घायल भी हुए हैं। इस हमले में बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'अमेरिका इस मूर्खतापूर्ण हमले की निंदा करता है। सभी अफगान बच्चों को बिना किसी डर के स्कूल जाने का अधिकार है।मालूम हो कि अफगानिस्तान के समांगन के ऐबक शहर में बुधवार को जहदिया मदरसा में दोपहर की नमाज के दौरान विस्फोट हो गया, जिसमें करीब 16 लोगों की मौत हो गई है और 24 लोग घायल हो गए। टोलो न्यूज ने यह जानकारी दी है। टोलो न्यूज ने समंगन प्रांतीय अस्पताल के एक डॉक्टर के हवाले से बताया कि इस धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायलों को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तालिबान के एक अधिकारी ने कहा कि उत्तरी अफगानिस्तान में एक धार्मिक स्कूल में हुए बम विस्फोट में लगभाग 10 छात्रों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक यह धमाका उस समय हुआ, जब दोपहर की नमाज पढ़ी जा रही थी।

# मैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरला नगर में हुआ हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरला नगर में हुआ हादसा,मिली जानकारी के अनुसार कॉलोनी गेट के सामने दो मोटरसाइकिल सवार दी एंबुलेंस, जबकि आज से 10 दिन पूर्व मैहर एसडीएम को ज्ञापन सैकड़ो की तादाद में लोगों ने सौप अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा क्षेत्रीय लोगों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था



आपस में टकराए एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से हुआ घायल, लोगों ने मदद के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट से मांगी एंबुलेंस,लेकिन घायलों की मदद के लिए अल्ट्राटेक प्लांट प्रबंधक ने नहीं उपलब्ध कराने की मांग की गई थी लेकिन प्रशासन भी लोगों के हित को देखते हुए कोई जन हितैषी कदम नहीं उठा पा रहा,लोगों का कहना है कि उद्योग प्रबंधन का रसूख प्रशासन के ऊपर भी हावी है।

# सतना जिले के सभापुर थाना क्षेत्र नयागांव में दुष्कर्मी के घर चला बुलडोजर



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना ।** जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के नयागांव ग्राम में विगत दिनों 7 वर्ष की मासूम बच्चे से दरिंदगी कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी राजेश रजक के घर पर चला बुलडोजर, बिरसिंहपुर तहसीलदार अजीत तिवारी एवं सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी के घर को कराया ध्वस्त अगवा कर बुंदेला पुरवा के जंगल मे ले जाकर मासूम से दरिंदगी कर गला घोंट कर आरोपी ने लाश झाड़ियों के बीच फेंक दिया था।

# मैहर छेत्र के अमदरा मंडल में क्रिकेट के फाइनल मैच में पहुंचे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकान्त चतुर्वेदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मैहर विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत सभागज में चल रहे माँ शारदा क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में पहुँचे मुख्यातिथि के रूप में श्रीकान्त चतुर्वेदी विजयेता उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट में फाइनल मैच पटरहटा और तिघरा की टीम के बीच खेला गया। पटरहटा टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 15 ओवर में 177 लक्ष्य दिया था। जो कि विपक्षी टीम तिघरा लक्ष्य का पीछा करते हुए 149 रन पर समेट गई और ट्रॉफी पर पटरहटा टीम का कब्जा हुआ मैहर विधानसभा क्षेत्र अमदरा मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत सभागज माँ शारदा क्रिकेट टूर्नामेंट का युवा समाजसेवी आशीष शिवहरे की तरफ से टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। इस टूर्नामेंट में विधानसभा क्षेत्र मैहर की लगभग 16 क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया था। झुकेही अमदरा खेरवासुहानी पाला पकरिया की क्षेत्रीय टीमों ने हिस्सालिया था। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मैहर के लोकप्रिय नेता श्रीकांत चतुर्वेदी जी ने रनर टीम और विजय टीम को ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर श्री चतुर्वेदी जी ने कहा कि खेलकूद जीवन में अनेक उत्तम गुणों का विकास करता है। खेलों से शरीर चुस्त, फुर्तीला एवं बलिष्ठ होता है। श्री चतुर्वेदी जी ने आगे कहा-की हार जीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि खेल में हार-जीत कोई मायने नहीं रखती है, बल्कि हारने वाले को भविष्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है। हार जीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए। खेलकूद के जरिये खिलाड़ियों में सामूहिक खेलकूद की भावना का विकास होता है। आप लोग ईमानदारी से खेलें और अपने शहर और देश का नाम रोशन करें जहां मेरी ज़रूरत हो में आपके साथ हमेशा खड़ा हूं। इस मौके पर श्री राजेश परोहा जिला पंचायत सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता श्री आवधेश परोहा,जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा श्री चंदभान पटेल,वरिष्ठ समाजसेवी श्री बालमुकुंद कनकने अरविंद गर्ग लीलाबिहारी मिश्रा मण्डल अध्यक्ष भाजपा श्री सुजीत शिवहरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पटेल ,रावेन्द्र सिंह , जनपद सदस्य वार्ड3 श्री मुकेश सिंह सरपंच सभागज राजकुमार कोल ,सरपंच श्रीमती अनिता राजेश साहू ,तिघरा सरपंच धर्मेंद्र सिंह , अमदरा सरपंच सिंह साहब उपसरपंच तिघरा दुर्गेश पटेल धनेड़ी उपसरपंच जगन्नाथ यादव दिलीप शिवहरे उपसरपंच पटरहटा, गोलु परोहा,सदीप चतुर्वेदी, आदित्य प्रकाश, तेज प्रताप, पप्पू तोमर,रवि पांडये,फुलचन्द कोल हरिचन्द तोता राम,आयोजक मण्डल की समस्त टीम सहित हजारों की सख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।



# विश्व एड्स दिवस पर चिकित्सक-विद्यार्थी संवाद का हुआ आयोजन

**शहडोल ब्यौहारी से दुर्गेश कुमार गुप्ता कि रिपोर्ट**

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शहडोल।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एड्स जागरूकता अभियान के अन्तर्गत चिकित्सक - विद्यार्थी संवाद का हुआ आयोजन। पं. रामकिशोर शुक्ल स्मृति, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में रेड रिबिन नियंत्रण के लिए सामाजिक जागरूकता अभियान ही एकमात्र साधन बताया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बैस ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को एड्स के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया



क्लब, विज्ञान संकाय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्त्वावधान में चिकित्सक-विद्यार्थी संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजेश प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल थे । उन्होंने विद्यार्थियों से एड्स रोगियों के साथ होने वाले सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने की बात कही । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. आयुष मिश्रा चिकित्सा अधिकारी, शासकीय स्वर्गीय लवकेश सिंह स्मृति, चिकित्सालय ब्यौहारी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें एड्स के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की । उन्होंने एड्स से जुड़ी सामाजिक भ्रान्तियों तथा पूर्वाग्रहों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया । साथ ही उन्होंने एड्स से बचाव और । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आर.के. तिवारी ने की । कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय गुप्ता ने किया । इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य पुष्पेन्द्र कुमार पटेल, डॉ.आर.सी.त्रिपाठी, डॉ. आर.पी. कुशवाहा, डॉ. नीलिमा मिश्रा, डॉ. शैलजा द्विवेदी, अर्पण गुप्ता, कुलदीप सिंह रावत, डॉ. मोहित लाल वर्मा, डॉ. श्रेयस कोरान्ने, सुनील सिंह, जागृति कटारा, राज कमल प्रजापति, बंश बहादुर सिंह, श्रीमती पार्वती सोनी, शकील खान आदि महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक आयुष सिंह, गोल्डी पाण्डेय,आंचल बैस, शीतल तिवारी, रश्मि शर्मा तथा बढ़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

# श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं एवं गोवर्धन भगवान की कथा का वर्णन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** ईडब्लूएस पाकेट सात सेक्टर 82 में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पुष्कर कृष्ण जी महाराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन




किया। बालाजी धाम नोएडा से पधारे महंत मुकेशानंद जी महाराज का एवं दादी की रसोई के संचालक अनूप खन्ना का आयोजन समिति के सदस्यों एवं व्यास जी ने पटका ओढ़ाकर स्वागत किया । कथा प्रसंग सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि बाल कृष्ण ग्वालों के साथ खेल रहे हैं और उनकी गेंद यमुना में चली जाती है जिसमें बिषैला कालिया नाग रहता है। जिसका बहुत भय है। कृष्ण यमुना में कूद जाते हैं और उस कालिया नाग का मान मर्दन करते हैं और उसे वहां से निकाल देते हैं। अगले प्रसंग में देवताओं के राजा इन्द्र को बहुत अभिमान हो जाता है भगवान उसका अहंकार नष्ट करने की सोचते हैं। वृज में हर वर्ष इन्द्र की पूजा होती है लेकिन इस बार कृष्ण इंद्र की पूजा के लिए मना करते हैं और गोवर्धन पूजा के लिए सभी को मना लेते हैं।इस बात से इन्द्र क्रोधित होकर भारी वर्षा करते हैं।सारे वृजवासी परेशान हो जाते हैं। तब भगवान कृष्ण अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण कर सभी की रक्षा करते हैं। वृजवासी भगवान को छप्पन भोग लगाते हैं। इन्द्र जान जाते हैं कि कृष्ण और कोई नहीं साक्षात नारायण हैं। इन्द्र भगवान कृष्ण से क्षमा माँगते हैं। पॉकेट वासियों द्वारा भगवान गोवर्धन बनाए गए जिनका पूजन हुआ और सभी द्वारा बनाए गए अलग अलग पकवानों का भोग लगाया गया।इसके बाद वकासुर अघासुर के वध के प्रसंगों का भी वर्णन कथा व्यास द्वारा किया गया। इस अवसर पर राघवेंद्र दुबे,एनके सोलंकी , पं विनोद मिश्रा, रवि राघव, अमितेष सिंह, देवमणि शुक्ल,बृज किशोर सिंह, सुशील पाल, रमेश चंद शर्मा, उत्तम चंद्रा,रमेश वर्मा, एसके तिवारी, राजेश गुप्ता,संजय शुक्ला, सुभाष शर्मा,सियाराम, कोमल यादव, हरि शंकर सिंह, अंगद सिंह तोमर, गिरिराज जी, गुरूमेल सिंह, शिवव्रत् तिवारी, प्रमोद श्रीवास्तव, राजवीर सिंह, संजय पांडे, एसके अग्रवाल, आर सी दुबे,विष्णु शर्मा, मुकेश रावत, आर पी सिह, राकेश शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, रमेश चंद्र दास, सतपती जी, सहित भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# गलगोटिया विश्व विद्यालय मे फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** गलगोटिया विश्व विद्यालय के लिबरल एजुकेशन स्कूल में एक दिवसीय नेचर कनेक्ट फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप के मुख्य अतिथि लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज भारत के प्रतिष्ठित फोटोग्राफर आलोक गोविंद शेवड़े थे। वर्कशॉप की मुख्य अथिति आलोक शेवड़े ने छात्रों को प्रकृति में मौजूद विभिन्न प्रजाति के कीटों की फोटोग्राफी के गुर सिखाए और कैमरे की बारीकियों के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने उनके निर्देशन में अपने कैमरों व मोबाइल कैमरों की मदद से प्रकृति में मौजूद कीटों व तितलियों के फोटो लिए। स्कूल ऑफ लिबरल




शुरूआत दीप-प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना से हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 मल्लिकार्जुन बाबू ने सभागार को संबोधित करते हुए छात्रों को प्रकृति से जोड़ने वाले इस वर्कशॉप की सराहना की। विश्वविद्यालय की डायरेक्टर ऑपरेशन अराधना गलगोटिया ने कहा की इस एक दिवसीय वर्कशॉप से छात्रों को प्रकृति के बारें में जानने का अवसर मिलेगा। प्रोफेसर डॉ0 रेनु लूथरा ने इस तरह के वर्कशॉप की आज के समय में जरूरत और महत्व को रेखांकित किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। एजुकेशन की डीन डॉ0 अनुराधा पाराशर के निर्देशन में इस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। डॉ0 पाराशर ने इस वर्कशॉप में आये सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए विद्यार्थियों द्वारा लिये गए चित्रों का एलबम बनाने व उनकी प्रदर्शनी आयोजित करने पर जोर दिया। इस वर्कशॉप में अलग-अलग विभागों के करीब 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डॉ0 अंबिका प्रसाद, डॉ0 शिखा श्रीवास्तव, डॉ0 मंजू, डॉ0 अमृता, डॉ0 श्रवण, डॉ0 निक्की, डॉ0 विभा और अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# सेक्टर 37 चौकी के उप निरीक्षक हुए निलम्बित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर द्वारा थाना सेक्टर 39 नोएडा की चौकी सेक्टर 37 पर तैनात उ0नि0 मोहर सिंह को कर्त्तव्य में लापरवाही एवम शिथिलता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा विभागीय जांच हेतु संबंधित जोन को निर्देशित किया गया है पुलिस कमिश्नर द्वारा सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही या शिथिलता बरतेगा तथा पुलिस विभाग की छवि धूमिल करेगा उसके विरुद्ध कठोर विधिक व विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# जी-20 में शामिल होंगे राष्ट्रपति बाइडन, जीन पियरे ने कहा- भारत की अध्यक्षता का समर्थन के लिए हम तैयार

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जी-20 में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन अर्थव्यवस्था के निर्माण के हमारे प्रयासों को जारी रखते हुए वर्तमान के लिए जी-20 एक प्रमुख मंच है जो वैश्विक का 85 प्रतिशत, दुनियाभर के कारोबार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत देश के 55 स्थानों विरासत, आस्था और विचारधारा का प्रतीक है। भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने के साथ ही एक हफ्ते के लिए यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइटों समेत केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित सौ स्मारकों को रोशन किया जाएगा। इन स्मारकों में




खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों सहित भारत की उ20 अध्यक्षता का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं। जी-20 की अध्यक्षता संभाल लेगा भारत भारत गुरुवार से औपचारिक रूप से एक वर्ष के लिए दुनिया के आर्थिक रूप से संपन्न देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता संभाल लेगा। इस दौरान भारत के पास अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर वैश्विक एजेंडे में योगदान करने का अनूठा अवसर होगा। मालूम हो कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग पर लगभग 200 बैठकों का आयोजन करेगा। जी-20 की शिखर बैठक का आयोजन अगले साल होगा जो भारत की मेजबानी में सर्वोच्च स्तर की बैठकों में से एक होगी। मालूम हो कि जी-20 की पहली बैठक दिसंबर के पहले हफ्ते में उदयपुर में होगी। इससे पहेल पीएम मोदी ने नवंबर माह की शुरुआत में भारत की अध्यक्षता में जी-20 का लोगो, थीम और वेबसाइट लांच की थी। इसके लोगो में कमल का फूल भारत की प्राचीन दिल्ली में हुंमायू का मकबरा व पुराना किला, गुजरात में मोढेरा सूर्य मंदिर, ओडिशा का सूर्य मंदिर, बिहार में शेरशाह का मकबरा व राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर व प्राचीन संरचनाएं एवं अन्य स्मारक, बंगाल की राजधानी कोलकाता में मेटकाफ हाल व मुद्रा भवन, गोवा में बेसिलिका आफ बाम जीसस व चर्च आफ लेडी आफ रोजरी, कर्नाटक में टीपू सुल्तान का महल व गोल गुंबज और मध्य प्रदेश में सांची बौद्ध स्मारक व ग्वालियर का किला शामिल हैं।

# इन नियमों में हुआ बदलाव आपकी जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिसंबर की शुरुआत होते ही आम आदमी की रोजमर्रा से जुड़े कई नियमों में बदलाव हो गए हैं। इनका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ने वाला है। इस कारण बदले हुए नियमों की जानकारी होना बेहद जरूरी है ताकि आपको किसी भी परेशानी का समाना नहीं करना पड़े। तो चलिए इन नियमों को जानते हैं। आज से किसी भी तरह का भुगतान करने के लिए डिजिटल रुपये की शुरुआत हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इसका पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया है और फिलहाल इसे चार शहरों के चार बैंकों में शुरू किया जा रहा है। डिजिटल करेंसी के इस्तेमाल के लिए ग्राहकों के मोबाइल या किसी अन्य डिवाइस में बैंकों द्वारा एक डिजिटल वॉलेट इन्स्टॉल किया जाएगा, जिसमें इस डिजिटल करेंसी को रखा जा सकता है। आज से डिजिटल लोन का वितरण और उनका रिपेमेंट के तरीकों में भी बदलाव हो रहा है। आज से डिजिटल लोन केवल लोन देने वाली संस्थाओं (जैसे बैंकों और एनबीएफसी) और उधार लेने वालों के बीच ही रहेगा। यानी लोन देने वाले और लोन लेने वाले के बीच तीसरे पक्ष या बिचौलिए की कोई भूमिका नहीं रहेगी। इसलिए, अगर आप इस महीने डिजिटल लोन लेने की सोच रहे हैं तो द्वारा जारी इस



नए नियम को जरूर जान लें। इससे आपके हजारों रुपये बच सकते हैं। दिसंबर से पंजाब नेशनल बैंक अपने डेबिट कार्ड का उपयोग करके पैसे निकालने की प्रक्रिया को और मजबूत करने जा रही है। अब मशीन में कार्ड डालने के बाद ग्राहकों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वन टाइम पासवर्ड आएगी, जिसके बाद इस ओटीपी और एटीएम पिन को दर्ज करके पैसे निकले जा सकेंगे। अगर आप सरकार द्वारा जारी पेंशन लेते है तो आपको बता दें कि इसके लिए जरूरी लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की आखिरी तारीख खत्म हो गई है। लाइफ सर्टिफिकेट को जमा करने के लिए इसे बैंक ब्रांच या फिर आनलाइन जमा करना होता है। यह सर्टिफिकेट पेंशन लेने के लिए बहुत जरूरी है और इसके जमा नहीं होने पर आपकी पेंशन रुक सकती है। पिछले कुछ महीनों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस के दाम काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में सीएनजी-पीएनजी के दामों में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि, नवंबर में वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 115 रुपये कम किए गए थे, पर दिसंबर में इनकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है दिसंबर के महीने में ठंड और कोहरे के बढ़ने की वजह से रेलवे द्वारा ट्रेनों के समय में बदलाव किया जाता है। वहीं, कुछ ट्रेनें दिसंबर से फरवरी-मार्च तक रद्द रहती हैं। एक दिसंबर से लागू हो जाएंगे। बैंकों में 13 दिन की छुट्टी साल के दिसंबर महीने में बैंक कुल 13 दिनों के लिए बंद रहेंगे क्योंकि साल के आखिरी महीने में क्रिसमस, साल का आखिरी दिन और गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्मदिन जैसे बड़े त्योहार आते हैं।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन हुए कोरोना संक्रमित


**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने बुधवार को एक ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी कोरोना संक्रमण की



रिपोर्ट पाजिटिव आई है और उन्हें कोरोना संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि मैंने खुद को घर पर क्वारंटाइन कर लिया है और सभी नियमों का पालन कर रहा हूं। इस दौरान उन्होंने लोगों को कोविड वैक्सीनेशन के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं टीका लगवाने और कोरोना वैक्सीनेशन को बढ़ावा देने के लिए सभी का आभारी हूं, जिसने कोरोना के लक्षणों को हल्का रखा है। कुछ हफ्ते पहले, यू.एस. सेंटर फ़ार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के निदेशक रोशेल वालेंस्की और यू.एस. फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कमिश्नर राबर्ट कैलीफ ने भी लक्षणों के साथ सकारात्मक परीक्षण किया था।

# तारक मेहता में होता था शैलेश लोढ़ा का शोषण इतने महीनों बाद सामने आई सच्चाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा इन दिनों अपने प्लॉट के कारण नहीं बल्कि एक्टर्स के चलते सुर्खियों में है। कभी सितारों के एक्सीडेंट की खबर तो कभी शो



छोड़कर जाने वाले कलाकारों की। 6 महीने बाद भी ये पता नहीं चल पाया है कि तारक मेहता यानी शैलेश लोढ़ा ने आखिर इस सिटकॉम को अलविदा कहा क्यों? पर अब इस राज का खुलासा हो गया है। सोशल मीडिया पर शो के डायरेक्टर ने खुद बताया कि सेट पर उनका शोषण होता था! हालांकि इनकी पोस्ट पर लोग काफी मजे ले रहे हैं। शैलेश लोढ़ा ने इस साल मार्च से तारक मेहता का उल्टा चश्मा की शूटिंग बंद कर दी थी। जिसके बाद खबर आई कि उन्होंने शो को अलविदा कह दिया है। उनके और शो के मेकर असित मोदी के बीच सोशल मीडिया पर बिना नाम लिए काफी कुछ कहा गया। हालांकि इस बात पर एक्टर ने कभी चुप्पी नहीं तोड़ी कि उन्होंने 14 साल बाद इस हिट शो को क्यों छोड़ा। पर अब एक पोस्ट से सारे राज सामने आ गए हैं।तारक मेहता का उल्टा चश्मा के डायरेक्टर मालव राजा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में शैलेश लोढ़ा भी नजर आ रहे हैं। तस्वीर को कैप्शन देते हुए लिखा है, 'वो इंसान, जिसका मैंने सबसे ज्यादा शोषण किया यह कहकर कि 'मेहता साब को छोड़ के बाकी सब का पैकअप'।' इस फोटो पर फैंस के साथ-साथ तारक मेहता के बाकी एक्टर्स भी रिएक्ट कर रहे हैं। सीरियल में रोशन कौर सोढ़ी का करिदार निभाने वाली जेनिफर मिस्त्री ने लिखा, 'मुझे लगा कि आपने सबसे ज्यादा शोषण मेरा किया है।' वहीं, मालव की एक दोस्त ने उनके मजे लेते हुए लिखा है, 'क्या यही वजह है मालव भाई।इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर्स ने लिखा- लगता है इसी वजह से शैलेश लोढ़ा ने शो छोड़ दिया। को वहीं कुछ लोग शैलेश से शो में वापस आने की गुहार लगा रहे हैं। एक ने इमोशनल होते हुए लिखा- 'सर आप प्लीज शैलेश सर को वापस लाने के लिए असित सर को मनाइए। प्लीज हमें ये वाले मेहता साहब ही चाहिए।

# 'दृश्यम 2' के सामने 'भेड़िया' ने टेके घुटने अजय देवगन की फिल्म ने छापे करोड़ों


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' सिनेमाघरों से उतरने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म का जलवा बॉक्स ऑफिस पर लगातार बना हुआ है। फिल्म ने दो हफ्तों में ही 150 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। कमाई के मामले में इसने वरुण धवन और कृति सेनन की 'भेड़िया' को भी पछाड़ दिया है। 'भेड़िया' को रिलीज हुए अभी 7 दिन भी पूरे नहीं हुए और इसने 'दृश्यम 2' के आगे घुटने टेक दिए हैं। तो आइए जानते हैं कि अजय देवगन की इस सस्पेंस थ्रिलर ने 13वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कितने करोड़ का कलेक्शन किया है। दृश्यम 2' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 15.38 करोड़ के कलेक्शन से खाता खोला था। दूसरे दिन इसने उछाल लेते हुए 21.59 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। इसके साथ ही पहले रविवार यानी तीसरे दिन फिल्म ने 27.17 करोड़ की कमाई किया। इतनी धांसू कमाई के बाद



फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया और बॉक्स ऑफिस पर 104 करोड़ का बिजनेस कर रिकॉर्ड बनाया। अपने दूसरे हफ्ते में भी 'दृश्यम 2' शानदार रही। इसने अपने दूसरे संडे को 17.32 करोड़ का कलेक्शन किया। कोईमोई की रिपोर्ट के अनुसार अब 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को फिल्म ने 4.90 करोड़ की कमाई की और इसके साथ ही इसका आंकड़ा पहुंच गया 159.39 करोड़ के पास। 160 करोड़ से महज कुछ कदम दूर 'दृश्यम 2' के लिए बॉक्स ऑफिस का अब तक का सफर काफी जबरदस्त रहा है। दूसरी तरफ वरुण धवन और कृति सेनन की क्रीचर कॉमेडी 'भेड़िया' अपने पहले हफ्ते में ही सिनेमाघरों में दम तोड़ती नजर आ रही है। फिल्म से उम्मीद की जा रही है ये कि ये अपने दूसरे हफ्ते में 57 से 58 करोड़ का बिजनेस करेगी। जो कि दृश्यम 2 के कलेक्शन का 13 तिहाई ही है । आने वाले दिनों में भी बॉक्स ऑफिस पर दृश्यम 2 का बोलबाला रहने के आसार नजर आ रहे हैं।

# विजय देवरकोंडा हुए ईडी के सामने पेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता विजय देवरकोंडा बुधवार को ईडी के ऑफिस में सवालों के जवाब देने पहुंचे। यह सारा मामला उनकी



पिछली फिल्म लाइगर में विदेशी निवेश से जुड़ा हुआ है। इसके पहले फिल्म के निर्देशक पुरी जगन्नाथ और निर्माता चार्मी कौर को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। दक्षिण फिल्मों में लोकप्रिय और जाना-माना नाम विजय देवरकोंडा हैदराबाद में एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट के कार्यालय में बुधवार को पहुंचे थे। 33 वर्षीय अभिनेता से सुबह 8:00 बजे से पूछताछ की जा रही थी। इसके पहले ईडी को यह खबर आई थी कि लाइगर में हवाला के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग कर विदेशी निवेश किया गया है। ऐसा तेलंगाना के एक बड़े राजनेता के कहने पर किया गया है। लाइगर इस वर्ष 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के माध्यम से विजय देवरकोंडा ने हिंदी में डेब्यू भी किया था। इस फिल्म में उनके अलावा चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे की भी अहम भूमिका थी। यह फिल्म 125 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट से बनाई गई थी। हालांकि यह दर्शकों को आकर्षित करने में असफल रही। फिल्म में माइक टायसन को भी लिया गया था। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में भी रिलीज हुई थी। फिल्म में कई भारी-भरकम एक्शन सीन भी थे।

# प्रेग्नेंसी की खबर पर भड़कीं मलाइका अरोड़ा, अफवाह फैलाने वाले को लगाई लताड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर बॉलीवुड के चर्चित कपल हैं। कभी अपनी केमिस्ट्री को लेकर तो कभी अपने उम्र के फासले को लेकर दोनों अक्सर



गॉसिप में बने रहते हैं। हालांकि, मलाइका और अर्जुन दोनों रिएक्ट करने से बचते आए हैं, लेकिन इस बार बात मलाइका की प्रेग्नेंसी तक पहुंच गई, जिस पर दोनों स्टार्स को रिएक्टर करना पड़ गया। पहले अर्जुन आग बबूला हो गए और अब मलाइका अरोड़ा भड़की हुई हैं। दरअसल, मलाइका अरोड़ा को लेकर एक न्यूज पोर्टल की तरफ से दावा किया गया था कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं। पोर्टल द्वारा यह भी कहा गया कि मलाइका और अर्जुन जब अक्टूबर में लंदन टूर पर गए थे उस वक्त एक्ट्रेस ने अपने करीबियों से यह बात शेयर की थी। मलाइका की प्रेग्नेंसी की खबर सामने आते ही दोनों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई। खबर को फैलता हुआ देख अर्जुन कपूर का पारा हाई हो गया और उन्होंने रिएक्ट करते हुए इसे पूरी तरह से अफवाह बताया। अर्जुन ने अपनी इंस्टा स्टोरी में एक पोस्ट शेयर किया और झूठी खबर फैलाने वालों को लताड़ लगाते हुए कहा, 'यह अब तक कि सबसे गिरी हुई हरकत है और आपने इसे बहुत कैजुअली किया है। इस तरह की बेकार खबर को लिखना बहुत इंसेंसिटिव और पूरी तरह से अनएथिकल है। हम पर इस तरह की खबरें रोज लिखी जाती हैं, जिसे हम इग्नोर कर देते हैं, जबकि ये मीडिया में फैल जाती हैं और सच बन जाती है। ये सही नहीं है। हमारी पर्सनल लाइफ के साथ खेलने की हिम्मत मत करना।' अर्जुन कपूर के इस पोस्ट को मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टा स्टोरी में शेयर किया और अफवाह फलाने वालों को खरी-खोटी सुनाते हुए घिनौना, घटिया कहा। एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी न्यूज के पहले हाल ही में दोनों के शादी की खबर भी उड़ा थी। हालांकि, बाद में यह सिर्फ अफवाह ही निकली।

# सर्कस, अवतार, गणपत समेत ये फिल्में दिसंबर में होगी रिलीज, करोड़ों लगे दाव पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'द कश्मीर फाइल्स', 'भूल भुलैया 2', 'ब्रह्मास्त्र' और 'दृश्यम 2' जैसी कुछ फिल्मों को छोड़ दिया जाए तो इस साल बॉलीवुड का हाल बॉक्स ऑफिस पर बेहाल रहा है। होली और दिवाली जैसे लंबे हॉलीडे पर करोड़ों का




बिजनेस करने वाली हिंदी फिल्म इंडस्ट्री इस बार कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है। अक्षय कुमार से लेकर अमिताभ बच्चन और कंगना रनोट तक कई सुपरस्टार की फिल्में अब तक पिट चुकी है। बायकॉट ट्रेंड ने भी इंडस्ट्री के बिजनेस को बुरी तरह प्रभावित किया। अब साल खत्म होने को है और कई चर्चित फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसके साथ ही कई बड़े एक्टर्स और प्रोडक्शन हाउस की साख भी दाव पर लगी है। अब देखने वाली बात होगी कि बॉक्स ऑफिस पर कौन दर्शकों के दिल को जीत पाएगा। आइए जानते हैं इस साल दिसंबर में कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली है। साल 2022 एक्टर आयुष्मान खुराना के लिए कुछ अच्छा साबित नहीं हुआ। इस साल उनकी दो फिल्में अनेक और डॉक्टर जी फ्लॉप हो चुकी है। ऐसे में 2022 की उनकी तीसरी फिल्म एन एक्शन हीरो के हिट होना जरुरी हो गया है। इस फिल्म में आयुष्मान के साथ ओटीटी स्टार जयदीप अहलावत लीड रोल में हैं। एन एक्शन हीरो 2 दिसंबर को रिलीज होगी। इस साल हिंदी बॉक्स ऑफिस पर साउथ की फिल्मों का बोल-बाला रहा। अब तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म हिटः द सेकेंड केस रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अदिवि शेष और मीनाक्षी चौधरी लीड रोल में हैं। फिल्म में अदिवि एक पुलिस अफसर के किरदार में हैं और एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म के साथ एक दिलचस्प बात जुड़ी है। हिट की कहानी हाल ही में दिल्ली में हुए श्रद्धा मर्डर केस से काफी मिलती-जुलती है। हालांकि, यह सिर्फ एक संयोग है क्योंकि फिल्म की कहानी कुछ साल पहले लिखी गई थी। तेलुगु के साथ-साथ हिट 2 दिसंबर को हिंदी में भी रिलीज होगी। काजोल और विशाल जेठवा स्टारर सलाम वेंकी एक गंभीर बीमारी पर बनी फिल्म है, जो एक मां-बेटे की बॉन्डिंग और उनके संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म के रिलीज की बात करें तो यह 9 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म का निर्देशन तमिल की फेमस एक्ट्रेस रेवती ने किया है, जबकि फिल्म ब्लाइव प्रोडक्शन और आरटेक स्टूडियो के बैनर तले बनी है। जेम्स कैमरून की बहुप्रतीक्षित फिल्म अवतारः द वे ऑफ वॉटर भी इस साल दिसंबर में रिलीज हो रही है। फिल्म का पहला पार्ट 18 दिसंबर 2009 को रिलीज हुआ था और फिल्म को दुनियाभर में सराहना मिली थी। अब फिल्म का दूसरा पार्ट अवतारः द वे ऑफ वॉटर 16 दिसंबर को रिलीज हो रहा है। फिल्म के पहले पार्ट ने लगभग 2 करोड़ का बिजनेस किया था। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का दूसरा पार्ट क्या कमाल करता है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी सर्कस में रणवीर सिंह और पूजा हेगड़े लीड रोल में हैं। ये फिल्म विलियम शेक्सपियर के नाटक 'द कॉमेडी ऑफ एरर्स' पर आधारित है। सर्कस में रणवीर सिंह डबल रोल में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया था, लेकिन फिल्म किरदारों के अलावा और कोई जानकारी साझा नहीं की गई। अब ट्रेलर रिलीज के साथ ही फिल्म की कहानी सामने आएंगी। सर्कस क्रिसमस के नजदीक 23 दिसंबर को रिलीज होगी। टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म का प्रोडक्शन पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। हीरोपंती के बाद कृति और टाइगर की जोड़ी एक बार फिर देखने को मिलेगी। विकास बहल द्वारा निर्देशित गणपत एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में हैं, जिसमें टाइगर जबरदस्त फाइट सीन्स करते हुए नजर आएंगे। कृति और टाइगर के अलावा फिल्म अमिताभ बच्चन और एली अवराम भी अहम किरदारों में हैं। गणपत का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर रोहित शेट्टी की 'सर्कस' से होगा क्योंकि यह फिल्म भी 23 दिसंबर को रिलीज होगी।

# दुबई में 'डंकी' का शूट पूरा होने पर शाह रुख खान ने बनाया स्पेशल वीडियो, कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान के फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक्टर भी साल 2023 में ट्रिपल धमाल करने की तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि उनकी तीन फिल्म एक साथ लाइन-अप है। इनमें से एक है डंकी, जिसे लेकर शाह रुख ने बुधवार को अपडेट शेयर की है और अपना एक वीडियो जारी करते हुए फिल्म के दुबई शेड्यूल के पूरा होने की घोषणा की है। वीडियो में शाह रुख ने किया शुक्राना फिल्म डंकी उस वक्त से ही चर्चा में बनी हुई जब शाह रुख ने फिल्म में अपनी एंट्री की घोषणा की थी। वीडियो में शाह रुख दुबई में बने डंकी के सेट पर नजर आ रहे हैं। उनके बैकग्राउंड में रेगिस्तान साफ दिखाई दे रहा है। वीडियो में शाह रुख ने डंकी के दुबई शेड्यूल के पूरा होने की



जानकारी देते हुए डायरेक्टर और टीम का शुक्रिया अदा किया। साथ ही उन्होंने सउदी की मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर का भी धन्यवाद करते हुए शुक्राना कहा। यहां देखें किंग खान का वीडियो,डंकी के डायरेक्शन की बात करें तो इसे राजकुमार हिरानी ने डायरेक्ट किया है, जो मुन्ना भाई एमबीबीएस और थ्री ईडियट्स जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। डंकी में शाह रुख के साथ तापसी पन्नू फीमेल लीड में नजर आएंगी। इनके अलावा बोमन ईरानी और सतीश शाह भी अपनी शानदार एक्टिंग का जादू दिखाते हुए नजर आएंगे। शाह रुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह एक साथ तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। डंकी के अलावा उनके पास साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर एटली की फिल्म जवान और यश राज की फिल्म पठान भी है। जवान में वह नयनतारा और फातिमा सना शेख के साथ नजर आएंगे, जबकि पठान में शाह रुख, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे।

# पंजाब की कैटरीना कैफ के साथ रोमांटिक अंदाज में नजर आए विक्की कौशल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल और पंजाब की कैटरीना कैफ शहनाज गिल की रोमांटिक तस्वीरें इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट शहनाज ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये तस्वीरे पोस्ट की है। विक्की कौशल जो आजकल अपनी अपकमिंग फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' के प्रमोशन में बिजी है, शहनाज के साथ उनकी हॉट केमिस्ट्री देख फैंस काफी एक्साइटेड हो रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए शहनाज ने लिखा, 'बहुत कम ही आप किसी स्टार से मिलते हैं जो आपको महसूस कराता है कि आप उनमें से एक हैं। बहुत कम ही आपको ये एहसास होता है कि आप इस व्यक्ति को सदियों से जानते हैं और परिवार की तरह है। बहुत कम ही, आपकी दूसरी मुलाकात में, क्या आप महसूस करते हैं कि



आप इस व्यक्ति को ऐसे जानते हैं जैसे वह परिवार हो। मुझे लगता है कि यही एक सच्चा सितारा है। मैं आपसे एक बार फिर से मिलकर खुश हूं और आज की बातचीत सिर्फ बातचीत से ज्यादा थी ... मेरी इच्छा है कि आपको अपने जीवन में सफलता, अच्छा स्वास्थ्य और सकारात्मकता हमेशा मिले। क्ष् गोविंदा नाम मेरा के लिए ऑल द बेस्ट वहे गुरु मेहर करे,। आपकी फिल्म सुपरहिट हो।विक्की ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ये तस्वीरें फिर से शेयर कीं और शहनाज के लिए एक प्यारा सा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, शहनाज से मिलना और बातें करना बहुत खुशी की बात है। आप कितनी प्योर सोल हैं! मैं आपके जीवन में केवल बेस्ट की कामना करता हूं। विक्की शहनाज, इसके साथ ही विक्की कौशल ने हार्ट इमोजी भी पोस्ट किया।

# शोएब मलिक की तलाक की खबरों के बीच आयशा ओमर का पुराना कोट हुआ वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी एक्ट्रेस आयशा ओमर ने शोएब मलिक के साथ अपने अफेयर की रिश्ते पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि वह शोएब मलिक और उनकी पत्नी सानिया मिर्जा का सम्मान करती है। सानिया मिर्जा और शोएब मलिक की तलाक की खबरें वायरल हो रही है दरअसल सानिया मिर्जा और शोएब मलिक की तलाक की खबरें पिछले सप्ताह से सोशल मीडिया पर आनी शुरू हुई है।



# प्रियंका की इंगेजमेंट रिंग के चक्कर में निक ने बंद करा दी थी लग्जरी शॉप


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस फिल्म इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। उम्र का फासला होते हुए भी दोनों की केमिस्ट्री कमाल की है। आज यानी 1 दिसंबर को दोनों अपनी चौथी वेडिंग एनिवर्सरी सेलिब्रेट कर रहे



हैं। दोनों ने साल 2018 में राजस्थान में रॉयल डेस्टिनेशन वेडिंग की थी, जो साल की सबसे चर्चित शादी बनी थी, लेकिन दोनों की सगाई से जुड़ा भी एक दिलचस्प किस्सा है, जिसे कम ही लोग जानते हैं, तो आइए जानते है प्रियंका और निक की सगाई का यह इंटरेस्टिंग किस्सा. रिंग के लिए निक ने की थी मशक्कत प्रियंका चोपड़ा के इंगेजमेंट के वक्त उनकी रिंग ने लोगों का खूब ध्यान खींचा था। अंगूठी की खूबसूरत डिजाइन और कीमत दोनों ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। अपनी लेडी लव के लिए इस रिंग को लाने में निक जोनस ने जमकर मशक्कत भी की थी, जो इसे और भी खास बनाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक पुराने इंटरव्यू में निक ने खुलासा किया था कि जब उन्हें प्रियंका के लिए अंगूठी चुननी थी तो उन्हें सिर्फ इतना पता था कि यह टिफनी की होनी चाहिए क्योंकि प्रियंका ने जिक्र किया था कि इससे उनके पिता का खास नाता है, जो कुछ साल पहले गुजर गए थे।इंगेजमेंट रिंग खरीदने के लिए निक जोनस ने अपने भाइयों जो जोनस और केविन जोनस की मदद ली थी। तीनों ने लग्जरी ज्वैलरी ब्रांड टिफनी के स्टोर पर जाकर प्रियंका के लिए रिंग पसंद की थी। खूबसूरत कट वाली प्रियंका की इंगेजमेंट रिंग की कीमत लगभग 2 करोड़ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निक जोनस ने अंगूठी लेते वक्त पूरा स्टोर ही बंद कर दिया था। अपनी इस हरकत का कारण बताते हुए निक ने कहा था कि जब वह रिंग लेने के लिए स्टोर पहुंच थे तो वहां और भी ग्राहक थे।

# अमिताभ बच्चन से लेकर करीना कपूर तक, एक ही टाइटल की दो फिल्मों में नजर आये ये कलाकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में आज कल रीमेक का दौर चल पड़ा है। आज कल कई बड़ी फिल्मों में पुराने गानों के रीमिक्स बन रहे हैं, जिसमें से कुछ तो ऑडियंस को पसंद आ रहे हैं, लेकिन कुछ को दर्शक नकार रहे हैं। ऐसा सिर्फ गानों के साथ ही नहीं, बल्कि फिल्मों के साथ भी देखने को मिल रहा है। पति पत्नी और वो, हिम्मतवाला जैसी कई पुरानी फिल्में हैं, जिनका टाइटल सेम रहा, लेकिन किरदार बदल गए। लेकिन आज हम आपको अपने इस आर्टिकल में उन सुपरस्टार्स एक्टर और एक्ट्रेसेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने एक ही नाम यानी कि अपनी ही पुरानी फिल्मों के टाइटल के साथ किसी अन्य फिल्म में काम किया। तो चलिए बिना देरी किए देखते हैं लिस्ट। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का है। बिग बी के डायलॉग्स सिर्फ पुराने लोगों को ही नहीं, बल्कि आज की नई पीढ़ी को भी खूब भाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि अमिताभ ने भी अपनी ही पुरानी फिल्म के टाइटल को दोहराया है। हालांकि फिल्म की कहानी में बदलाव आया, लेकिन




टाइटल सेम ही रहा। हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की साल 1975 में आई फिल्म दीवार की। ये फिल्म अमिताभ बच्चन के करियर की सबसे बड़ी सुपरहिट फिल्म तो है ही, लेकिन उनकी यादगार फिल्मों में भी शुमार। इसी सेम टाइटल वाली फिल्म को लेकर साल 2004 में भी 'दीवार' फिल्म बनी और इस फिल्म में भी बिग बी ने ही अभिनय किया। हालांकि ये फिल्म 1975 वाली फिल्म की तरह ब्लॉकबस्टर साबित नहीं हुई। बॉलीवुड की पू करीना कपूर वैसे तो किसी चीज को रिपीट नहीं करती और उनका एक अलग स्वैग है, लेकिन आपको ये जानकर हैरानी हो सकती है कि करीना कपूर खान भी अपनी ही फिल्म 'तलाश' के टाइटल के साथ किसी अन्य फिल्म में काम कर चुकी हैं। करीना ने साल 2003 में आई फिल्म 'तलाश' में अक्षय कुमार के साथ काम किया था। इसके बाद उन्होंने 'तलाश' टाइटल के साथ ही साल 2012 में आमिर खान के साथ भी एक्टिंग की। हालांकि फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर डब्बा गुल हो गया। बॉलीवुड के डिस्को डांसर मिथुन चक्रवर्ती भी अपनी ही फिल्म के टाइटल को दोहरा चुके हैं। उन्होंने साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म 'गुरु' में मुख्य भूमिका निभाई थी, इसके बाद उन्होंने साल 2007 में रिलीज हुई निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म 'गुरु' में काम किया था। अपनी ही फिल्म के नए वर्जन में उन्होंने मानिक दास गुप्ता का किरदार निभाया था। कमल हासन साउथ के साथ-साथ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का भी एक बड़ा नाम हैं। उन्होंने अपने करियर में चाची 420, आइना, सनम तेरी कसम, सदमा जैसी कई शानदार हिंदी फिल्में की। साल 1986 में उनकी फिल्म 'विक्रम' रिलीज हुई, जिसमें उन्होंने कमांडर अरुण कुमार विक्रम की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के कई सालों के बाद एक बार फिर से उन्होंने 'विक्रम' टाइटल के साथ तमिल फिल्म बनाई, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर आज भले ही हमारे बीच न हों, लेकिन अपने यादगार किरदारों के साथ वो कई यादें अपने दर्शकों और फैंस के लिए छोड़ गए। ऋषि कपूर ने साल 1979 में रिलीज हुई फिल्म 'झूठा कहीं का' में काम किया था। इस फिल्म में उनके अपोजिट उनकी पत्नी नीतू कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। कई साल के बाद उन्होंने सेम टाइटल वाली फिल्म 'झूठा कहीं का' में काम किया, जो 2019 में रिलीज हुई। इस फिल्म में वह जिम्मी शेरगिल, आकाश ओबेरॉय और सनी सिंह के साथ नजर आए थे। धर्मेन्द्र ने तो अपनी ही फिल्म के सेम टाइटल के साथ एक नहीं बल्कि चार बार काम किया, लेकिन उनके बेटे बॉबी देओल भी इस लिस्ट में शुमार हो गए। बॉबी देओल ने साल 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बरसात' में रवीना टंडन के साथ रोमांस किया था और इसके बाद उन्होंने साल 2005 में नई 'बरसात' बनी तो उसमें भी मुख्य भूमिका निभाई।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।